# जनता के गोठ

Website- https://www.jantakegoth.com

● वर्ष -01 ● अंक- 323 ● रायपुर, बुधवार 18 नवम्बर 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ- 12 ● मूल्य- 2 रुपया ● संपादक- शुभम वर्मा ● PRGI Reg No : CTBIL/25/A1787


**पहला कॉलम**

## पठानकोट में गनपॉइंट पर कार लूटी, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हाई-अलर्ट जारी

**पठानकोट।** पठानकोट-जम्मू नेशनल हाइवे स्थित पठानकोट शहर के डाउनटाउन इलाके से गनपॉइंट पर कार लूटने की खबर सामने आई है। इसके बाद खुफिया एजेंसियों ने हाई-अलर्ट जारी किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद गाड़ी को पठानकोट से लेकर फरार हो गए हैं। इस घटना के बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस सतर्क है और पूरे इंटर-स्टेट बॉर्डर व नेशनल हाईवे पर हाई-अलर्ट जारी कर दिया गया है। लूटी गई कार सफेद रंग की महिंद्रा 500 है। गाड़ी का नंबर ७७३५-9902 बताया जा रहा है। कार बमियाल के रहने वाले व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। कार लूट की घटना के बाद हाईवे पर नाकाबंदी, पठानकोट-कठुआ-सांबा-जम्मू हाईवे पर स्थित सभी पुलिस नाकों, पीसीआर टीमों और संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल अलर्ट कर दिया गया है।

## गुरदासपुर में पुलिस कर्मी का शव बरामद, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**गुरदासपुर।** पंजाब के गुरदासपुर में एक पुलिसकर्मी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या किए जाने का दावा किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुरदासपुर के गांव माण कौर बाईपास के नजदीक पुलिसकर्मी का शव बरामद हुआ। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान विनोद कुमार के रूप में हुई, जो हेड कांस्टेबल पद पर तैनात थे। इस बारे में सूचना मिलने के बाद पंजाब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि हेड कांस्टेबल विनोद कुमार को कथित तौर पर गोली लगी हुई थी। वहीं, परिवार का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने हेड कांस्टेबल विनोद को गोली मारी है।

## श्रॉफ फायरिंग केस : 6 आरोपियों में 5 को न्यायिक हिरासत, सुनेहा पंडित 21 नवंबर तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच आगे बढ़ रही है। इस मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों में से छह की पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद उन्हें मकोका कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि आरोपी सुनेहा पंडित को 21 नवंबर तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में भेजने का आदेश दिया। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-2 ने सुनेहा पंडित समेत छह आरोपियों को अदालत में पेश किया। पुलिस ने सुनेहा से पूछताछ के लिए छह दिन की कस्टडी मांगी थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान पैसों के लेनदेन और आरोपियों के बीच संबंधों को लेकर कई अहम जानकारियां सामने आई हैं।

**क्वाड बैठक में बोले प्रधानमंत्री**

# इंडो-पैसिफिक के लिए भरोसेमंद समाधान देना हमारा लक्ष्य-मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित क्वाड नेताओं की बैठक में भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत क्वाड को एक रचनात्मक, विश्वसनीय और परिणाम देने वाली साझेदारी के रूप में देखता है। समुद्री सुरक्षा, भरोसेमंद सप्लाई चेन, नई तकनीक और आपदा प्रबंधन जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना इस समूह की प्रमुख प्राथमिकता है। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मनीला का क्वाड के इतिहास में विशेष महत्व रहा है। साल 2007 में चारों देशों के अधिकारी पहली बार इसी शहर में मिले थे। इसके बाद 2017 में मनीला में ही क्वाड देशों ने अपना संवाद दोबारा शुरू किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक शहर में एक बार फिर क्वाड नेताओं का मिलना साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने सदस्य देशों के बीच बढ़ते संवाद और सहयोग को भी साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड का उद्देश्य केवल बैठकों और चर्चाओं तक सीमित रहना नहीं है,



बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए व्यावहारिक और भरोसेमंद समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने, वैश्विक सप्लाई चेन को अधिक विश्वसनीय बनाने, नई तकनीकों के विकास और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि पिछले वर्ष जनवरी से अब तक क्वाड देशों के विदेश मंत्री पांच बार मिल चुके हैं। यह समूह के प्रति सभी सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने क्वाड को आगे बढ़ाने में सभी सदस्य देशों के नेताओं के योगदान की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि मनीला बैठक से सहयोग के अगले चरण के लिए ठोस लक्ष्य तय होंगे। पीएम मोदी के मुताबिक, क्वाड की मजबूती से न केवल सदस्य देशों को लाभ होगा, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित क्वाड समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की। दोनों नेताओं के साथ फोटो सेशन के दौरान ट्रंप ने मोदी को एक मजबूत व्यक्तित्व वाला नेता बताया और कहा कि दुनियाभर में उनका काफी सम्मान किया जाता है।

### मनीला में पीएम मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई विशेष चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 21वें ईस्ट एशिया समिट के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने इस बैठक को 'गर्मजोशी भरी और सार्थक' बताया। बैठक के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत अब तक हुए कामकाज का जायजा लिया और द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के संभावित तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही भारत और सिंगापुर के बीच लंबे समय से कायम मजबूत संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ASEAN की आगामी अध्यक्षता के लिए सिंगापुर को शुभकामनाएं दीं।

**धोनी का योगदान बेहद खास रहा**

# धोनी का आईपीएल से संन्यास-चेन्नई सुपर किंग्स में अब निभाएंगे भूमिका

नई दिल्ली/ एजेंसी



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि धोनी ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें टीम के साथ नई भूमिका में जोड़ने की तैयारी की है। आईपीएल 2027 में धोनी खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि टीम के मेंटोर के रूप में नजर आएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए धोनी का योगदान बेहद खास रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने कई बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया है। ऐसे में उनके अनुभव और रणनीतिक समझ का फायदा अब टीम को मेंटोर के रूप में मिलेगा। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया ङ्क पर इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। पोस्ट में लिखा कि ऐसे खिलाड़ी जो जीवन में बस एक बार मिलते हैं। एक नई भूमिका। एक ऐसा रिश्ता जो हमेशा कायम रहेगा महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के टीम मेंटर बन गए हैं! अनगिनत जीत, मुश्किल दौर और ऐसी यादें जो हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी—इन सबके बीच, एमएस शुरुआत से ही हमारे सफर का अहम हिस्सा रहे हैं। हमें जीत दिलाने से लेकर सुपर किंग्स की अगली पीढ़ी का मार्गदर्शन करने तक, 'थाला' हमेशा हमारी पहचान का हिस्सा रहेंगे और चेन्नई हमेशा उनका घर रहेगा। एन. श्रीनिवासन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि एमएस धोनी के बिना सीएसके नहीं है। लगभग दो दशकों से, हम एक-दूसरे के साथ आगे बढ़े हैं।जीत, मुश्किलों और बीच की हर चीज में। उन्होंने कहा हमारा रिश्ता इतना मजबूत है, इसकी एक वजह है: हम इरादों पर सवाल नहीं उठाते। इसी भरोसे ने इस सफर को मुमकिन बनाया है।

**केंद्रीय एजेंसी का दबाव बढ़ा**

# विकास अग्रवाल ने दुबई भेजे पैसे 12 सौ करोड़ रूपए हवाला के जरिए किए शिफ्ट

रायपुर। संवाददाता




शराब घोटाला के मनी मैनेजर विकास अग्रवाल तथा महादेव सट्टा एप के एक और प्रमोटर रवि उप्पल के दुबई में पकड़े जाने के बाद इंटरपोल की नोडल एजेंसी सीबीआई ने दोनों आरोपियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज कर दी है। आरोपियों को भारत प्रत्यर्पित करने संबंधित चैनलों के माध्यम से केंद्रीय जांच एजेंसी के अफसर यूएई के अफसरों से लगातार संपर्क में हैं। शराब घोटाले की जांच कर रही राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू के एक अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि अनवर ढेबर का करीबी तथा उसका साथी विकास अग्रवाल ने केंद्रीय जांच एजेंसी का दबाव बढ़ने पर शराब घोटाला की 12 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हवाला चैनल के माध्यम से वर्ष 2022 में शिफ्ट किया। उसने वह रकम मई 2022 से जुलाई 2022 के बीच शिफ्ट किया है। हवाला के जरिए रकम शिफ्ट करने आरोपी ने सौ करोड़ रुपए के करीब राशि खर्च की थी। दुबई में हवाला के जरिए जो रकम ट्रांसफर की गई है, वह रकम अनवर देबर के कहने पर विकास ने शिफ्ट की थी। उस रकम से दुबई में जो प्रापर्टी खरीदी गई है, उसकी केंद्रीय जांच एजेंसी पहचान करने में जुटी हुई है। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है, घोटाले की रकम में से किन किन लोगों के हिस्से की कितनी रकम दुबई में ट्रांसफर की गई है। घोटाले की रकम का मैनेजमेंट विकास अग्रवाल ही संभालता था।

### आईटी से बचने तीन से चार जगह कलेक्शन पाइंट

घोटाले की रकम का मैनेजमेंट विकास अग्रवाल ही संभालता था। रकम को कब मंगाना है, इसका निर्णय उसी के द्वारा लिया जाता था। आईटी तथा अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का दबाव बढ़ने पर विकास घोटाले से प्राप्त आय को अलग-अलग सेंटर में मंगाता था। इसके बाद वह उसे कलेक्शन कर अनवर देबर तक पहुंचाता था। अनवर ढेबर के कहने पर उसके द्वारा वह रकम अन्य संबंधित लोगों तक पहुंचाया जाता था।

## सोनम वांगचुक 60 दिनों के लिए नजरबंद, लद्दाख काउंसिल चुनाव के विरोध पर प्रशासन का कड़ा एक्शन

**लेह।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को लद्दाख प्रशासन ने एक बड़े प्रशासनिक कदम के तहत 60 दिनों के लिए नजरबंद कर दिया है। लेह के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के बाद उनकी आवाजाही पर कड़ी पाबंदियां लगा दी गई हैं और वे किसी भी रैली, जुलूस या सार्वजनिक प्रदर्शन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब आगामी 4 दिसंबर को लद्दाख में स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के चुनाव होने वाले हैं।

**शिकायत पर एफआईआर दर्ज**

# तू मेरे को जेल भेजेगा बे...कटघरे में खड़े होकर सीजेएम को जान से मारने की धमकी भी दी....

**मुंगेली.** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिला न्यायालय में पेशी के दौरान चोरी के आरोपी ने जमकर बवाल काटा. ट्रक चोरी के आरोप में भगतराम राजपूत को सरगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया था. 16 अक्टूबर को उसे कोर्ट में पेश किया गया. इस दौरान नाम पूछने पर बदतमीजी करते हुए कटघरे से कूदकर डायस पर चढ़ गया. इसके बाद पीठासीन अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी और कांच के प्रेम को तोड़ने का प्रयास किया. इसके बाद आरोपी के खिलाफ प्रस्तुतकर्ता शत्रुघन कुमार बेलदार ने थाना पहुंचकर शिकायत दी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. दरअसल, 16 नवंबर को सरगांव थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 189/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के मामले में गिरफ्तार आरोपी भगतराम राजपूत (25 वर्ष) को शाम करीब 4:30 बजे रिमांड के लिए मुंगेली जिला न्यायालय में पेश किया गया था. पुलिसकर्मी आरोपी को कटघरे में




खड़ा करने के लिए ले जा रहे थे, तब उसने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया और पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करने लगा. शिकायत में बताया गया कि आरोपी भगतराम राजपूत ने पीठासीन अधिकारी की ओर उंगली दिखाते हुए कहा कि 'तू मेरे को जेल भेजेगा बे.' इसके बाद वह कटघरे से छलांग लगाकर पीठासीन अधिकारी के सामने लगे कांच के प्रेम के पास पहुंचा और उसे जोर-जोर से तोड़ने का प्रयास किया. इस दौरान पीठासीन अधिकारी के साथ न्यायालयीन कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी द्वारा किए गए कृत्य काफी अपमानजनक है. घटना से सभी आहत हैं.



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने परिवार के साथ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। आर्यवीर को अंडर-19 एशिया कप 2026 में प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट चुना गया है।

**जंगल में नक्सल डम्प बरामद**

# बंदूक,बारूद और दो डेटोनेटर मिले,विस्फोटक मौके पर नष्ट

**अंतागढ़।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान महत्वपूर्ण सफलता मिली है। कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के मोदेमरका और मिच्चेबेड़ा गांवों के बीच जंगल-पहाड़ी इलाके में चलाए गए सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों का एक डम्प बरामद किया गया। तलाशी के दौरान जवानों को हथियार, विस्फेटक सामग्री और अन्य नक्सल उपयोग की वस्तुएं मिलीं। सुरक्षा के मद्देनजर संदिग्ध



विस्फोटक सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 नवंबर 2026 को जिला बल, सीमा सुरक्षा बलऔर बम डिस्पोजल स्क्वॉड की संयुक्त टीम कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली थी।

**ईओडब्ल्यू ने 8 दिन की रिमांड पर लिया**

# पटवारी-आरआई पेपर लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार...

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के चर्चित पटवारी से राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने मध्यप्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दोनों पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र हासिल कर अभ्यर्थियों तक पहुंचाने और इसके बदले मोटी रकम वसूलने का आरोप है। रायपुर की विशेष अदालत ने दोनों आरोपियों को 23 नवंबर यानी 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय वीर सिंह जाटव और 41 वर्षीय अरविंद जाटव के रूप में हुई है। दोनों मध्यप्रदेश के भिंड जिले के उमरी थाना क्षेत्र के ग्राम घना की गड़िया के निवासी हैं। ईओडब्ल्यू ने 16 नवंबर को दोनों को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड मिली। दरअसल, 7 जनवरी 2024 को पटवारियों को राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के लिए चयनित करने के उद्देश्य से विभागीय परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा का आयोजन परीक्षा आयुक्त, भू-अभिलेख की ओर से किया गया था। इसके परिणाम के आधार पर 216 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। बाद में परीक्षा में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने





आईं। इसके बाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने उच्च स्तरीय जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने मामला ईओडब्ल्यू एसीबी को सौंप दिया। शुरुआती जांच में अनियमितताओं के तथ्य मिलने के बाद एजेंसी ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। ईओडब्ल्यू एसीबी की जांच के मुताबिक, वीर सिंह जाटव और अरविंद जाटव ने प्रश्नपत्र मुद्रण समिति से जुड़े सह-आरोपी वीरेन्द्र जाटव के साथ मिलकर पेपर लीक करने की साजिश रची थी। आरोप है कि परीक्षा की गोपनीयता भंग करते हुए दोनों ने परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र हासिल कर लिया और इसे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों तक पहुंचाया। जांच एजेंसी के अनुसार, प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और लीक पेपर से तैयारी के लिए जगह मुहैया कराने के बदले अभ्यर्थियों से मोटी रकम भी वसूली गई थी। अब ईओडब्ल्यू इस पूरे नेटवर्क और लेन-देन से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

# गौमाता भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग – राज्यपाल श्री डेका

**गोपाष्टमी पर गौशाला में की पूजा-अर्चना, पक्षी घर का किया लोकार्पण**

**रायपुर, 17 नवंबर 2026/** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज गोपाष्टमी के अवसर पर विश्वगीता धेनु गोविंद पक्षी सेवा धाम, परसदा, कुम्हारी पहुंचे। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण और गौ माता के दर्शन किए और उनकी पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने गौधाम में स्थापित पक्षी घर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने गौशाला का भ्रमण किया और गौ माता को चारा खिलाकर उनकी सेवा की।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेशवासियों को गोपाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोपाष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के गोपाल स्वरूप और गौ माता के प्रति हमारी श्रद्धा एवं आस्था का पर्व है। भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हालांकि गौसेवा केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बीमार, घायल, वृद्ध और बेसहारा गोवंश की देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बढ़ते यातायात के कारण गोवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में घायल गोवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस दिशा में गौ अस्पताल और रेस्क्यू सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सदियों से गौवंश पर आधारित रही है। गांवों में गोबर का उपयोग अनेक कार्यों में किया जाता था। गोबर और मिट्टी से बने घर पर्यावरण के अनुकूल होते थे। समय के साथ हमारी पारंपरिक जीवनशैली में बदलाव आया है। हमें फिर से प्रकृति के अनुकूल जीवन पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि गोबर से बायोगैस और जैविक खाद को बढ़ावा देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सकती है। श्री






डेका ने कहा कि गौ माता की सेवा और सतत विकास की अवधारणा एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में गोवंश का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे गौशालाओं में आएं, कुछ समय बिताएं और गौ माता की सेवा में सहभागी बनें। इससे सेवा भाव विकसित होने के साथ मानसिक शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए, जिसमें किसी प्रकार के लेन-देन की भावना न हो और जिससे समाज का भला हो। इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमें जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। गोबर से बनी खाद के उपयोग से खेती की गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि गोबर खाद के उपयोग को बढ़ावा देने से गोवंश का महत्व बढ़ेगा और लोग उनकी बेहतर देखभाल के लिए प्रेरित होंगे। प्रेरक वक्ता श्री उज्ज्वल पाटनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गौसेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। गौधाम के संरक्षक श्री गोपाल प्रसाद सुल्तानिया ने कहा कि सड़कों पर गौ माताओं की दुर्दशा और उनकी देखभाल की आवश्यकता को देखते हुए इस गौधाम की परिकल्पना की गई थी, जिसे अब साकार रूप दिया गया है। प्रमुख ट्रस्टी श्री सुधीर सुल्तानिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विधायक श्री अनुज शर्मा, श्री संपत अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सुल्तानिया परिवार के सदस्य, गौसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश

**आम नागरिकों ने विभिन्न मांगों और शिकायतों को लेकर सौंपे आवेदन, लंबित प्रकरणों की समीक्षा पर भी दिया जोर**

**ओमप्रकाश रजक/जनता के गोठ**

जगदलपुर,।* जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। इस दौरान नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है। इसलिए जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर राहत मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर की गई



कार्रवाई की नियमित समीक्षा करें और लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। साथ ही आवेदकों को उनके प्रकरणों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं डीआर डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रविवि में कला और संस्कृति का महाकुंभ 'युवा-उत्सव 2026' शुरू, उद्घाटन समारोह में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा

**छत्तीसगढ़ की माटी कला की उर्वरा भूमि, युवा-उत्सव प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का मंच: अनुज शर्मा**

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) के सभागार में आज तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन 'युवा-उत्सव 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। युवा ऊर्जा, कला और संस्कृति के इस महाकुंभ में प्रदेशभर के विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 17 से 19 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस उत्सव के उद्घाटन समारोह में साहित्य, कला, राजनीति और शिक्षा जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात लेखक, कलाविद, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सदस्य एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतींद्र मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धरसीवां के विधायक अनुज शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने की।

**युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच**

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर और प्रेक्षागृह विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे प्रतिभागियों, विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के उत्साह से सराबोर नजर आया।

**विविध विधाओं में दिखेगा युवाओं का हुनर**

17 से 19 नवंबर तक चलने वाले इस अंतर-महाविद्यालयीन युवा-उत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य (वाद-विवाद, प्रश्नमंच, काव्य पाठ) और ललित कला (चित्रकला, रंगोली, पोस्टर निर्माण) से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के पश्चात विभिन्न महाविद्यालयों से आए सांस्कृतिक दलों द्वारा मनमोहक लोकनृत्य और संगीत की प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसे उपस्थित दर्शकों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन




द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

**कला की दुनिया में कोई हारता नहीं, जीत या सीख ही मिलती है: विधायक अनुज शर्मा**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा, ÷विद्यार्थियों की छिपी हुई कलात्मक प्रतिभा, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक ऊर्जा को उचित मंच प्रदान करने वाले ऐसे आयोजन हमारे युवाओं के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ-साथ कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी युवाओं के व्यक्तित्व को निखारती है और उन्हें अपनी जड़ों व समृद्ध छत्तीसगढ़ी तथा भारतीय संस्कृति से जोड़े रखती है। उन्होंने आगे कहा कि यह 'युवा-उत्सव' केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा ऊर्जा और हमारी समृद्ध संस्कृति का महाकुंभ है। किताबों का ज्ञान हमें एक अच्छा पेशेवर बनाता है और रोज़गार देता है, लेकिन कला, साहित्य, संगीत और नाटक हमें एक संवेदनशील और संपूर्ण इंसान बनाते हैं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए विधायक श्री शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा, ÷छत्तीसगढ़ की मिट्टी तो वैसे ही कला और संस्कृति की उर्वरा भूमि रही है। हमारी लोक-कलाओं, नृत्य और संगीत ने पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज इस मंच के माध्यम से आप सभी को अपनी प्रतिभा दुनिया के सामने लाने का सुनहरा अवसर मिला है। इन तीन दिनों में कोई नृत्य करेगा, कोई गायन में अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेगा, कोई नाटक से समाज को आईना दिखाएगा, तो कोई अपनी लेखनी और वक्तृत्व कला से सबको प्रभावित करेगा।÷ युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि मंच पर उतरते समय मन में हार या जीत का कोई डर न रखें। कला की दुनिया में कोई हारता नहीं है; जो जीतता है उसे पुरस्कार मिलता है, और जो नहीं जीत पाता उसे जीवन भर का अनुभव और सीख मिलती है। इसलिए बिना किसी संकोच के पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करें। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने प्रदेशभर से पधारी सभी युवा प्रतिभाओं को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि युवा ही भारत के भविष्य हैं।

# राज्य सेवा के कर्मचारियों-पेंशनरों के साथ डीए-डीआर में भेदभाव क्यों?

**केंद्र के अनुरूप जुलाई 2026 से उन्न डीए-डीआर देने की मांग, राज्य सरकार के दोहरे मापदंड का विरोध**

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने राज्य सरकार द्वारा महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत (डीए-डीआर) के भुगतान में अलग-अलग मापदंड अपनाने पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 1 जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत डीए-डीआर बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं, जबकि राज्य सेवा के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत डीए-डीआर का लाभ भी नवंबर 2026 से देने का आदेश जारी किया गया है। जनवरी 2026 से देय 3 प्रतिशत डीए-डीआर का अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

नामदेव ने इसे राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के साथ अन्यायपूर्ण भेदभाव बताते हुए मांग की है कि 18 नवंबर को होने वाली कैबिनेट बैठक में राज्य सेवा के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भी केंद्र सरकार के समान 1 जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत डीए-डीआर देने का निर्णय लिया जाए तथा जनवरी 2026 से लंबित महंगाई राहत का एरियर भी प्रदान किया जाए।

# धान खरीदी में प्रशासन चौकन्ना, पनेका धान उपार्जन केंद्र में 180 क्विंटल धान रिजेक्ट, 25 प्रतिशत मिली नमी

**कवर्धा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान गुणवत्ता और नमी की जांच को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में पनेका धान उपार्जन केंद्र में जांच के दौरान एक किसान का लगभग 180 क्विंटल धान रिजेक्ट कर दिया गया। खाद्य अधिकारी द्वारा धान की जांच में नमी की मात्रा 25 प्रतिशत पाए जाने पर उसे खरीदी के लिए अमान्य घोषित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार किसान नरेंद्र चंद्राकर अपना धान लेकर पनेका धान उपार्जन केंद्र पहुंचे थे। यहां धान की गुणवत्ता और नमी की जांच की गई। जांच के दौरान धान में नमी निर्धारित मानक से अधिक पाई गई। बताया गया कि धान में लगभग 25 प्रतिशत नमी थी। इसके बाद खाद्य अधिकारी ने धान को रिजेक्ट कर दिया।




किसान के पास करीब 180 क्विंटल धान होने का अनुमान है। धान खरीदी केंद्रों में शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही धान की खरीदी की जा रही है। धान में निर्धारित सीमा से अधिक नमी होने पर खरीदी में परेशानी आ रही है। ऐसे में किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे उपार्जन केंद्रों में धान लाने से पहले उसे अच्छी तरह सुखा लें और निर्धारित गुणवत्ता का ध्यान रखें। इस कार्रवाई के बाद किसान के सामने अब धान को सुखाकर दोबारा खरीदी केंद्र में लाने की चुनौती है। वहीं, खरीदी केंद्रों में धान की नमी और गुणवत्ता की जांच को लेकर प्रशासन की सख्ती भी सामने आई है।

# नवा रायपुर के प्रमुख चौक का नाम 'भगवान बिरसा मुंडा चौक' करने की मांग, आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**रायपुर:** जनजातीय गौरव सप्ताह (11 से 18 नवंबर 2026) के अवसर पर छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज ने नवा रायपुर, अटल नगर स्थित एक प्रमुख चौक का नामकरण धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर किए जाने की मांग की है। इस संबंध में 'पादा पड़हा छत्तीसगढ़' के प्रदेश प्रमुख डॉ. जगदेव राम भगत (उरांव) ने 13 नवंबर 2026 को छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के




अधिकारों, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और स्वतंत्रता आंदोलन में अतुलनीय योगदान दिया है। वे समस्त आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत, गौरव और अस्मिता के प्रतीक हैं, जिनके प्रति राज्य में अपार श्रद्धा है।

छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री से सादर अनुरोध किया है कि जनजातीय गौरव सप्ताह के पावन अवसर पर, धरमजयगढ़ में होने वाले राज्यस्तरीय आयोजन के साथ ही नवा रायपुर में मंत्रालय के सामने अथवा मुक्तांगन के सामने स्थित प्रमुख चौक का नामकरण ÷भगवान बिरसा मुंडा चौक÷ किए जाने की घोषणा उनके करकमलों से की जाए।

समाज के पदाधिकारियों का मानना है कि इस घोषणा से आने वाली पीढ़ियां भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, त्याग और बलिदान से प्रेरित हो सकेंगी। साथ ही, इस निर्णय से पूरे आदिवासी समाज में हर्ष और गौरव की भावना जागृत होगी और यह आयोजन ऐतिहासिक व अविस्मरणीय बन जाएगा।

# कवर्धा में फिर गूंजेगी क्रिकेट की आवाज, जल्द होगा विजय शर्मा केपीएल सीजन-2 का भव्य आयोजन

**विधानसभा के सातों मंडलों के गांवों सहित कवर्धा के 27 वार्डों की टीमें लेंगी हिस्सा, युवाओं में दिख रहा खासा उत्साह**

**कवर्धा** में एक बार फिर क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी करपात्री जी मैदान, कवर्धा में विजय शर्मा केपीएल (कवर्धा प्रीमियर लीग) सीजन-2 का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन बहुत जल्द किया जाएगा, जिसे लेकर युवाओं में अभी से खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस प्रतियोगिता में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सभी सातों मंडलों के अंतर्गत आने वाले गांवों के साथ-साथ कवर्धा नगर के 27 वार्डों की टीमें हिस्सा लेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित




करना है। पिछले वर्ष आयोजित विजय शर्मा केपीएल ने अपने भव्य आयोजन और शानदार व्यवस्थाओं से क्रिकेट प्रेमियों का खूब ध्यान आकर्षित किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों जैसा माहौल, शानदार मैदान व्यवस्था और खिलाड़ियों का उत्साह इस आयोजन की खास पहचान रहा। सीजन-2 को लेकर भी युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्सुकता है।

कवर्धा में एक बार फिर बल्ले से निकलने वाले लंबे-लंबे छक्कों और चैकों की गूंज सुनाई देगी। मैदान में चैकों-छक्कों की झड़ी लगेगी और हर मुकाबले में रोमांच देखने को मिलेगा। इस आयोजन में पूरे कवर्धा का उत्साह और खेल के प्रति जुनून देखने को मिलेगा। कवर्धा के युवा तैयार हो जाइए, क्रिकेट के इस महाकुंभ में अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी टीम के साथ मैदान में उतरने का मौका एक बार फिर आने वाला है। विजय शर्मा केपीएल सीजन-2 के आयोजन को लेकर तैयारियां जल्द ही शुरू की जाएंगी।

# बासेन के सुरभि गौधाम में भव्य गोपाष्टमी महोत्सव, सांसद चिंतामणि महाराज ने किया नवनिर्मित शेड का लोकार्पण

**गौ माता की पूजा-अर्चना और महाआरती से भक्तिमय हुआ माहौल**

**बलरामपुर (जनता के गोठ)** : गौ सेवा, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हुए बासेन स्थित सुरभि गौधाम में मंगलवार को गोपाष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। रक्षा गौधाम फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर गौधाम परिसर में श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। दिनभर चले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

महोत्सव का शुभारंभ दोपहर 12 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। स्थानीय स्कूली बच्चों एवं कलाकारों ने गौ माता की महिमा पर आधारित गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आकर्षक प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन को लेकर पूरे गौधाम



परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी लाइटिंग एवं भव्य पंडाल से सजाया गया था।

**नवनिर्मित शेड का सांसद ने किया लोकार्पण**

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण दोपहर 3:20 बजे देखने को मिला, जब सांसद चिंतामणि महाराज ने गौधाम में नवनिर्मित शेड का विधिवत उद्घाटन किया। इस शेड के निर्माण से गौशाला में आश्रय ले रही सैकड़ों गायों को धूप, बारिश और ठंड से राहत मिलेगी। गौधाम प्रबंधन के अनुसार यह शेड लंबे समय से आवश्यक था, जिसके पूर्ण होने से गौवंश की देखभाल एवं संरक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गौ सेवा में समर्पित सेवकों और गौधाम के संचालन में सहयोग देने वाले ग्रामीणों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

**गौ पूजन और महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

शाम 5 बजे महोत्सव का सबसे भावपूर्ण एवं धार्मिक आयोजन गौ पूजन, गौ सेवा और भव्य महाआरती के रूप में संपन्न हुआ। सांसद चिंतामणि महाराज सहित उपस्थित अतिथियों ने विधि-विधान से गौ माता का पूजन कर आरती उतारी। महाआरती के दौरान पूरा गौधाम परिसर जय गौ माता के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गौ माता को गुड़, चना एवं हरा चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**गौ सेवा ही सच्ची सेवा : चिंतामणि महाराज**

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। बासेन का सुरभि गौधाम पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का केंद्र बन रहा है। यहां बेसहारा एवं बीमार गौवंश की जिस समर्पण भाव से देखभाल और सेवा की जा रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने गौधाम के विकास एवं विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

**ग्रामीणों और युवाओं की सहभागिता से सफल हुआ आयोजन**

आयोजकों ने बताया कि गोपाष्टमी महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। पंडाल, मंच, लाइटिंग एवं साज-सज्जा की व्यवस्था में स्थानीय मजदूरों, कारीगरों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए।

महोत्सव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गौ सेवकों तथा बासेन सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

गोपाष्टमी महोत्सव ने एक बार फिर गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और निस्वार्थ सेवा के संकल्प को मजबूती देते हुए समाज को गौवंश की रक्षा एवं सेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# वेदराम महाविद्यालय का अमरकंटक शैक्षणिक भ्रमण हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

बम्हनीडीह। सक्ती जिले के शासकीय वेदराम महाविद्यालय, मालखरौदा के कला (बी.ए.) एवं विज्ञान (बी.एस.सी.) संकाय के छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ एवं प्राकृतिक स्थल अमरकंटक के लिए अत्यंत आनंददायक, ज्ञानवर्धक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू. एन. जायसवाल के संरक्षण तथा श्री राजकुमार कुर्रे (सहायक प्राध्यापक, भूगोल) एवं श्री रामरतन खूंटे (सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर एप्लिकेशन) के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित यह यात्रा पूरी तरह सुरक्षित बस द्वारा संपन्न होकर सकुशल मालखरौदा लौट आई।




**प्रकृति, भूगोल और इकोटूरिज्म की अनूठी पाठशाला**

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विंध्य, सतपुड़ा और मैकल पर्वत श्रेणियों की गोद में बसे अमरकंटक की भौगोलिक संरचना, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं ने नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर, प्राचीन जैन मंदिर, माई की बगिया, सोनमुड़ा, ज्वालेश्वर धाम तथा ऊँचे पहाड़ों से घिरे कपिलधारा और दुग्धधारा जलप्रपातों का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने ग्लास व्यू पॉइंट से मैकल श्रेणी के विहंगम प्राकृतिक सौंदर्य को निहारा तथा प्राकृतिक जलस्रोतों में स्नान का आनंद भी लिया। संपूर्ण यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पूर्ण पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय दिया।

**इकोटूरिज्म और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पाठशाला**

प्रकाश डालते हुए भूगोल के सहायक प्राध्यापक राजकुमार कुर्रे ने कहा कि अमरकंटक इकोटूरिज्म (पारिस्थितिकी पर्यटन) और भौगोलिक अध्ययन के लिए एक आदर्श स्थल है। यहाँ नर्मदा के उद्गम से लेकर मैकल की पहाड़ियों और सघन वनों तक प्रकृति ने अनुपम छटा बिखेरी है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर प्रकृति से सीधा संवाद कराते हैं, जिससे उनमें पर्यावरण और नदी संरक्षण के प्रति गहरी संवेदनशीलता विकसित होती है। प्राचार्य डॉ. यू. एन. जायसवाल ने सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

**इनकी रही गरिमामयी**

को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से श्री राजकुमार कुर्रे (सहायक प्राध्यापक, भूगोल), श्री रामरतन खूंटे (सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर एप्लिकेशन), डॉ. कौशिल्या मैत्री (सहायक प्राध्यापक, रसायन), श्री वसुरमन घृतलहरे (अतिथि सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र), श्री नरेश राठौर (अतिथि सहायक प्राध्यापक, भौतिकी), सुश्री ज्योति नेताम (अतिथि प्राध्यापक, जंतुविज्ञान), श्री अनिल चंद्रा (लैब तकनीशियन), श्री धनेश महंत (कंप्यूटर ऑपरेटर), श्री धनेश भारती, श्री उदय बर्मन (लैब तकनीशियन), श्री महेंद्र बर्मन एवं श्री परमानंद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# ग्राम सीतापार के तालाब में गूंजे छठी मैया के जयकारे, सुबह 4 बजे उमड़े श्रद्धालु, विधि-विधान से हुई सूर्य उपासना

**जनता के गोठ/ओंकार साहू**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सीतापार में लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पारंपरिक उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर गांव के तालाब में छठ पूजा का आयोजन किया गया, जहां सुबह 4 बजे से ही व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। पूरे वातावरण में छठी मैया के जयकारे और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी।



छठ व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और तालाब के जल में खड़े होकर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। पूजा के दौरान फल-फूल, दीप, पारंपरिक प्रसाद एवं पूजन सामग्री से सजे सूप और डलिया आकर्षण का केंद्र रहे। व्रती महिलाओं ने छठी मैया की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली, संतान की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

छठ पूजा को लेकर तालाब परिसर में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। परिवार के सदस्य भी व्रतियों के साथ पूजा में शामिल हुए और पूरी निष्ठा के साथ धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। सुबह की शांत बेला में तालाब के किनारे दीपों की रोशनी, भक्ति गीतों और सूर्य उपासना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

छठ महापर्व भारतीय संस्कृति में प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध का प्रतीक है। भगवान सूर्य को जीवन, ऊर्जा और प्रकाश का आधार मानते हुए उनकी पूजा की जाती है। यह पर्व कठिन तपस्या, संयम, स्वच्छता, पवित्रता और अटूट आस्था का संदेश देता है। साथ ही सामाजिक एकता, पारिवारिक प्रेम और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करता है।

ग्राम सीतापार के तालाब में आयोजित छठ पूजा ने गांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। श्रद्धालुओं की सहभागिता और व्रतियों की अटूट श्रद्धा ने पूरे आयोजन को भक्तिमय बना दिया।

# हिमाचल के साहसिक शिविर में बस्तर के चार NSS स्वयंसेवक करेंगे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

**ओमप्रकाश रजक/जनता के गोठ**

*जगदलपुर।* शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्) के चार स्वयंसेवकों का चयन हिमाचल प्रदेश के हाटकोटी में आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए हुआ है। चयनित स्वयंसेवकों में भुवनेश्वर कश्यप, गोविंद नाग, धर्मी ठाकुर एवं अवंतिका शार्दूल शामिल हैं। चारों स्वयंसेवक रायपुर से हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो चुके हैं। वे शिविर में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह शिविर 21 से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित होगा। इसमें विभिन्न साहसिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम




भावना और चुनौतियों का सामना करने का कौशल विकसित किया जाएगा। बस्तर जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से चार स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है। शिविर में स्वयंसेवक बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और पहचान से भी अन्य प्रतिभागियों को परिचित कराएंगे। इस उपलब्धि में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार, जिला संगठन मौसमी विश्वास तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भुनेश्वर लाल साहू एवं दुर्गेश कुमार देवांगन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग रहा है। महाविद्यालय परिवार ने चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासन से विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं बस्तर जिले का नाम रोशन करेंगे।

## डीईओ ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण, पण्डोपारा में दो शिक्षक मिले गैरहाजिर

**बलरामपुर (जनता के गोठ)** : जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन.के. निरापुरे ने जिले के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था और पाठ्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण में प्राथमिक शाला पण्डोपारा के प्रधान पाठक सुदेश्वर समट और सहायक शिक्षक गणेश राम राठिया अनुपस्थित पाए गए। दोनों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश दिए गए। प्राथमिक शाला गौरापारा, चम्पापुर, कोदाकी और चन्दोरा में शिक्षक उपस्थित मिले। हाई स्कूल भेंडरी में उन्होंने शिक्षकों को निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर श्री निरापुरे ने धान खरीदी केंद्र रनहत का भी निरीक्षण किया और मानक के अनुरूप खरीदी तथा किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और नियमित अध्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# अमरीगुड़ा तालाब में डूबी किसानों की जमीन, तीन दशक बाद भी मुआवजे का इंतजार

**निजी कृषि भूमि डूबान क्षेत्र में जाने का दावा, हक के लिए वर्षों से भटक रहे किसान; शासन-प्रशासन से दस्तावेजों की जांच कर मुआवजा दिलाने की मांग**

**ओमप्रकाश रजक/जनता के गोठ**

जगदलपुर ।बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड के ग्राम बकावंड, हल्का नंबर 24, तहसील बकावंड स्थित अमरीगुड़ा तालाब निर्माण से प्रभावित किसानों का मुआवजे का मामला करीब तीन दशक बाद भी लंबित होने का दावा किया जा रहा है। किसानों के अनुसार तालाब निर्माण के दौरान उनकी निजी कृषि भूमि डूबान क्षेत्र में चली गई थी। उस समय क्षेत्र अविभाजित मध्यप्रदेश का हिस्सा था। वर्षों बीत जाने के बाद भी संबंधित किसानों को उनकी भूमि का उचित मुआवजा नहीं मिलने से वे अपने हक के लिए लगातार शासन-प्रशासन के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।



**जीवन-यापन का सहारा थी कृषि भूमि-** प्रभावित किसानों का कहना है कि उनकी कृषि भूमि परिवार के जीवन-यापन का प्रमुख साधन थी। तालाब निर्माण के बाद भूमि डूबान क्षेत्र में चली जाने से खेती का क्षेत्र प्रभावित हुआ और परिवारों के सामने आर्थिक कठिनाइयां खड़ी हुईं। किसानों का कहना है कि इतने लंबे समय बाद भी मुआवजे का समाधान नहीं होना उनके लिए गंभीर परेशानी का विषय है।

**इन किसानों की जमीन डूबान क्षेत्र में जाने का दावा-** किसानों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार समन्दु पिता लखमु की खसरा नंबर 449/2 में 6.16 हेक्टेयर, सोनाधर पिता दसरु की खसरा नंबर 501 एवं 502/2 में 5.04 हेक्टेयर, रुकनी पति लछमन की खसरा नंबर 528/2 में 0.28 हेक्टेयर तथा कमली पति की खसरा नंबर 529/2 में 6.00 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

इसी प्रकार हरिबंधु पिता दसरथ की खसरा नंबर 530 में 2.062 हेक्टेयर, दसरथ पिता सुधु की खसरा नंबर 498 एवं 1499/2 में 1.075 हेक्टेयर तथा गुरुबारी/वेबा/मधु की खसरा नंबर 525 एवं 526/2 में 3.30 हेक्टेयर भूमि तालाब के डूबान क्षेत्र में जाने की बात किसानों ने कही है।

**अभिलेखों की जांच कर मुआवजा दिलाने की मांग-** प्रभावित किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अमरीगुड़ा तालाब निर्माण से संबंधित पुराने राजस्व अभिलेख, भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई, मुआवजा प्रकरण एवं अन्य उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। किसानों का कहना है कि यदि उनकी निजी भूमि तालाब निर्माण के डूबान क्षेत्र में गया है और मुआवजा लंबित है, तो पात्र किसानों को नियमानुसार उनका हक दिलाया जाए।

# छह माह से अधूरा शौचालय निर्माण, जंगल जाने को मजबूर स्कूली बच्चे

**चारगांव के स्कूलों में शौचालय सुविधा का अभाव, जंगली जानवरों से बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा**

**सरपंच-सचिव पर पंचायत राशि के दुरुपयोग का आरोप, ग्रामीणों ने जांच कर निर्माण पूरा कराने की मांग की***

**भुजबल बघेल**

बकावंड, जनता के गोठ।बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत चारगांव में प्राथमिक शाला एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शौचालयों का निर्माण कार्य पिछले छह माह से अधूरा पड़ा हुआ है। शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को खुले में और जंगल की ओर शौच के लिए जाने को मजबूर



होना पड़ रहा है। इससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी चिंता है।

ग्रामीणों के अनुसार, विद्यालय के आसपास घना जंगल है, जहां भेड़िया, भालू और सियार सहित अन्य जंगली जानवरों की मौजूदगी बनी रहती है। ऐसे में छोटे बच्चों का शौच के लिए जंगल की ओर जाना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी गंभीर घटना घट सकती है।

ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच और सचिव पर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने तथा स्वीकृत राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शौचालय निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद छह माह से काम अधूरा पड़ा है। निर्माण स्थल पर दीवारें अधूरी हैं, छत और दरवाजे नहीं लगाए गए हैं तथा पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, तो अब तक काम पूरा क्यों नहीं कराया गया? निर्माण के नाम पर खर्च की गई राशि का हिसाब सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

**प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग**

विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अधूरे शौचालय निर्माण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही पंचायत को स्वीकृत राशि और उसके खर्च का विवरण सार्वजनिक करने तथा निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव बच्चों की शिक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा तीनों को प्रभावित कर रहा है। बच्चों को जंगली जानवरों के खतरे के बीच शौच के लिए जाना पड़ना बेहद गंभीर मामला है। प्रशासन को इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करनी चाहिए।

# सरपंच लखमु राम नेताम एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय राजू देवांगन के दशगात्र कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि



**ग्राम पंचायत की ओर से श्रद्धांजलि योजना के तहत परिवार को 2 हजार रुपये एवं 50 किलो चावल की सहायता प्रदान की गई**

**बकावंड जनता के गोठ** 7 बकावंड। बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करपावंड में मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को स्वर्गीय श्री राजू देवांगन के दशगात्र (दसवीं संस्कार) कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री लखमु राम नेताम एवं जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर सरपंच श्री लखमु राम नेताम सहित पंच श्री लोकेंद्र निषाद, श्री सुनील कश्यप, श्री रामलखन देवांगन, श्री समूद देवांगन, श्री मनीराम देवांगन, श्री दयाराम देवांगन, श्री बलराम देवांगन, श्री डमरू जोशी, श्री छवी देवांगन एवं श्री नारायण देवांगन उपस्थित रहे।

इस दुख की घड़ी में ग्राम पंचायत की ओर से श्रद्धांजलि योजना के तहत शोक संतप्त परिवार को 2,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि एवं 50 किलो चावल प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# न्यायालय से बेदखली आदेश के बाद भी, बेखौफ बना रहे हैं कीमती शासकीय भूमि में मकान

**बम्हनीडीह/जनता के गोठ**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा द्वारा शिकायत किया गया कि विद्यालय की भूमि से लगी भूमि पर बेजा कब्जा कर संतोष कुमार साहू द्वारा मकान बनाया जा रहा है जिससे विद्यालय में अध्ययन कर रहे बच्चों तथा उनकी सुरक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, तब न्यायालय तहसीलदार बम्हनीडीह द्वारा स्थगन आदेश जारी कर 28/02/2025 को बेदखली आदेश जारी कर 1000/रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया, जिसके विरुद्ध अवैध कब्जाधारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा के समक्ष अपील पेश किया, जहां से अधीनस्थ न्यायालय में पेश हल्का पटवारी प्रतिवेदन में उल्लेखित ग्राम बिर्रा के खसरा नंबर 1418/1 रकबा 28.238 हेक्टेयर भूमि में से 27म24 फीट लंबाई चौड़ाई कुल 06 डिसमिल भूमि पर बेजा कब्जा करने का दोषी पाए जाने पर तहसीलदार बम्हनीडीह के आदेश 28/02/2025 विधि संगत होने से यथावत रखा गया और 23/04/2026 को अपील खारिज





कर बेदखली आदेश जारी किया गया, मगर आदेश के बाद भी बेजा कब्जा में बेखौफ मकान बनाया जा रहा है और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा व तहसीलदार बम्हनीडीह के आदेश बौना साबित हो रहा है, जिससे गांव में तरह तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म है।

**छुट्टी में बन रहा मकान**

आधे अधूरे निर्माणाधीन मकान में स्थगन आदेश के बाद अधूरा पड़ा था, जिसे दीपावली की छुट्टी में पूरा कर टीन लगाने पाइप फिट किया जा चुका है अब फिर छुट्टी में टीन लगाने प्रयासरत हैं।

**तहसीलदार व एस डी एम के आदेश का नहीं कर रहे पालन**

बेदखली आदेश जारी होने के बाद भी अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है और निर्माण कार्य चोरी छिपे कर रहे हैं तथा तहसीलदार, एस डी एम का आदेश भी बेजा कब्जा धारी के सामने बौना साबित हो रहा है, जिससे लोगों में चर्चाओ का बाजार गर्म है।

**छात्राओं की सुरक्षा व नहर के बाद आम निस्तार की रास्ते पर पड़ेगा असर**

जिस भूमि में मकान बनाया जा रहा है वह भूमि विद्यालय के दीवार से लगी हुई व नहर के बाद रास्ते में बेजा कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है, जिससे विद्यालय में अध्ययन कर रहे बालिकाओं की सुरक्षा व आम निस्तार व महाविद्यालय आने जाने वाले लोगों के लिए आवागमन में परेशानी होगी।

# राजभवन में गूंजा आदर्श ग्राम तुलसी का नाम, सुवा नृत्य और कान्हा राउत नाचा ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा






**गांव की प्रतिभाओं ने लोकभवन के मंच पर दी शानदार प्रस्तुति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में बढ़ाया प्रदेश का मान**

**जनता के गोठ/ओंकार साहू**

बलौदाबाजार। गांव की माटी में पली-बढ़ी प्रतिभाओं ने जब राजभवन (लोकभवन) के गौरवशाली मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया, तो आदर्श ग्राम तुलसी का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हो उठा। महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा लोकभवन में आयोजित भव्य दीपावली मिलन समारोह में आदर्श ग्राम तुलसी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककला सुवा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं ग्राम तुलसी के लोक कलाकारों ने पारंपरिक कान्हा राउत नाचा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस गरिमामयी समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इतने प्रतिष्ठित मंच पर गांव के बच्चों और लोक कलाकारों को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बना। सुवा नृत्य और कान्हा राउत नाचा की प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा, सांस्कृतिक विरासत और ग्रामीण जीवन की जीवंत झलक प्रस्तुत की। गांव की गलियों और चौपालों में पीढ़ियों से संजोई जा रही लोककला जब राजभवन के मंच पर गूंजी, तो आदर्श ग्राम तुलसी की सांस्कृतिक पहचान को एक नई ऊंचाई मिली। इस उपलब्धि पर सरपंच चंद्रमणि तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षण केवल ग्राम तुलसी के लिए खुशी का अवसर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के स्वाभिमान और सम्मान का विषय है। गांव के बच्चों और कलाकारों ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। गांव की मिट्टी में भी ऐसी क्षमता है, जो प्रदेश ही नहीं, देश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी पहचान बना सकती है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण प्रस्तुति के लिए सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों, कान्हा राउत नाचा के कलाकारों, मार्गदर्शक गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत की लोककला, संस्कृति और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

संपादकीय

## भारत समिट के बहाने

अपनी तेलंगाना सरकार के सहयोग से कांग्रेस की ओर से हैदराबाद में आयोजित दो दिवसीय भारत समिट का उद्देश्य भले ही विश्व की प्रगतिशील शक्तियों को एक मंच पर लाना बताया गया हो, लेकिन यह मोदी सरकार विरोधी आयोजन के रूप में ही अधिक चर्चित हुआ। इस आयोजन की ऐसी छवि बनने के लिए कांग्रेस अपने अतिरिक्त अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। इस सम्मेलन को भारत की स्वतंत्रता के 80वें वर्ष और नेहरू जी की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, लेकिन इसमें विदेश के ऐसे वक्ताओं को विशेष रूप से बुलाया गया, जो मोदी सरकार के अंध विरोधी के तौर पर जाने जाते हैं। इसी कारण सरकार ने कई लोगों को वीजा देने से इन्कार किया। वैसे तो इस सम्मेलन में एआई, आर्थिक न्याय, जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई, पर यह इसलिए विवाद के केंद्र में आ गया कि इटली के एक समाजवादी नेता जियाकोमो फिलिबेक ने राहुल गांधी की उपस्थिति में भारतीय चुनाव प्रणाली और लोकतंत्र पर सवाल उठाते हुए हिंदी में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' का नारा भी लगाया। स्पष्ट है कि यह उन्हें सिखाया-रटाया गया होगा। इसकी पुष्टि उनके इस कथन से होती है, 'कुछ दिन पहले पारदर्शी वोटर लिस्ट के लिए राहुल गांधी के अभियान में रामलीला मैदान तक मार्च करने वाले हमें यही याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा ऐसे लोग ही करते हैं।' उनका यह कथन राहुल गांधी की इसी रट की याद दिलाता है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है और संविधान भी खतरे में है। वे ऐसी ही बातें देश के साथ विदेश में भी कहते रहते हैं और अपनी विदेश यात्राओं में ऐसे लोगों से खास तौर पर संपर्क-संवाद करते हैं, जो मोदी विरोधी एजेंडा चलाते हैं। नि:संदेह यह कोई अपराध नहीं कि कोई विदेशी अपने यहां अथवा भारत आकर भारत सरकार की आर्थिक-व्यापारिक अथवा विदेश नीति से असहमति जताए, लेकिन यदि कोई वोट चोरी जैसा सस्ता जुमला उछालता है तो इसे उसकी क्षुद्रता ही कहा जाएगा। इटली के नेता ने यही किया और इसी कारण उनके ही देश की एक नेता ने उनकी निंदा करते हुए कहा कि करोड़ों मतदाताओं वाले देश को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाना गलत है। यदि कांग्रेस यह समझ रही है कि अपुष्ट-अनर्गल आरोपों के सहारे वह अपनी छवि निखारने के साथ अपना जनाधार बढ़ा लेगी तो यह उसका भ्रम ही है। फिलिबेक जैसे नेता भी इस मुगालते से बाहर आ जाएं तो अच्छा कि भारत की जनता उनकी बातों पर विश्वास कर लेगी।

# राजनीति की केंद्रीय धुरी बनता हिंदुत्व

- उमेश चतुर्वेदी



स्वाधीनता के बाद से ही भारतीय राजनीति में एक धारा ऐसी रही, जिसका सपना राजनीति के केंद्र में हिंदुत्व लाना रहा। भाजपा के राष्ट्रीय उभार के बाद यह सपना पूरा हुआ। इसके बावजूद राजनीति का बड़ा हिस्सा अब भी सेक्युलरवादी खोल में अल्पसंख्यकवाद केंद्रित राजनीति ही करता है। इसी कारण सेक्युलरिज्म को छद्म सेक्युलरिज्म की संज्ञा मिली। यदि सेक्युलर राजनीति का कोई पैरोकार राम मंदिर जाने की घोषणा करे तो यह मामूली बात नहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का 12 दिसंबर को राम मंदिर में दर्शन करने जाना राजनीति में आ रहे बदलाव का प्रतीक है। अखिलेश जिस राजनीतिक धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसकी न तो राम मंदिर निर्माण में भागीदारी रही, न ही वह अयोध्या ढांचा ध्वंस को स्वीकार करती है। फिर भी वे राम मंदिर जा रहे हैं तो इसका अर्थ है कि अब उन्हें भी अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए हिंदुत्ववादी राजनीति जरूरी लगने लगी है।

आज हिंदुत्व की राजनीति का प्रमुख चेहरा भाजपा है, पर स्वाधीनता के बाद की राजनीति में हिंदुत्ववादी राजनीति का चेहरा हिंदू महासभा और स्वामी करपात्री जी की रामराज्य परिषद थी। भाजपा का पूर्ववर्ती संस्करण जनसंघ भी इसी राजनीति की कड़ी रहा। ये दल सेक्युलरिज्म के नाम पर हिंदू समाज के अधिकारों, परंपराओं और मान्यताओं की उपेक्षा करने की तत्कालीन राजनीति के विरोधी रहे। हिंदुत्ववादी धारा की राजनीति सेक्युलरिज्म के बहाने अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति का विरोध करती थी। हालांकि तत्कालीन राजनीति ने तुष्टीकरण के विरोध को अल्पसंख्यक विरोध के रूप में प्रचारित किया। बाद में सेक्युलरवाद ऐसा फैशन बना, जहां हिंदू परंपराओं-मान्यताओं को रूढ़िवादी बताना प्रगतिशीलता मान लिया गया।

वर्ष 2014 में हुए आम चुनाव के बाद मोदी और भाजपा के उभार का बड़ा कारण हिंदुत्व की राजनीति भी रही, पर इसे राजनीति की धुरी मानने से राजनीति के बड़े हिस्से को परहेज रहा। तमाम सेक्युलरवादी दलों को भाजपा का यह उभार तात्कालिक लगा और उन्होंने माना कि यह उभार कुछ ही दिनों का मेहमान है, पर तेलंगाना, तमिलनाडु, केरलम जैसे कुछ राज्यों को छोड़ दें तो भाजपा के नेतृत्व में हिंदुत्व की राजनीति गहरा असर दिखाती रही। इसे रोकने में जब भाजपा विरोधी दल नाकाम रहे तो उन्हें मजबूरी में ही सही, हिंदुत्व का खुले-छिपे रूप में सहारा लेना पड़ा। जैसे 2017 के गुजरात और 2018 के कर्नाटक चुनावों के समय राहुल गांधी जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर गए। गुजरात में वे नाकाम रहे, कर्नाटक में कामयाब। इसके बाद राहुल फिर छद्म सेक्युलरवादी धारा की ओर लौट पड़े।

मुलायम सिंह जब पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तब भाजपा उनका समर्थन कर रही थी। बाद में उनकी पूरी राजनीति भाजपा विरोधी की रही। 1990 में जब लालकृष्ण आडवाणी ने राम मंदिर के समर्थन में रथयात्रा शुरू की तो जनता दल के क्षत्रपों और खासकर मुलायम सिंह और लालू यादव में आडवाणी को गिरफ्तार कर मुस्लिम समुदाय का हीरो बनने की होड़ लगी। लालू यादव ने आडवाणी को समस्तीपुर में गिरफ्तार करा दिया। इसके कुछ समय बाद अयोध्या में कारसेवकों पर पुलिस ने गोलियां चलाईं। इस घटना के बाद जहां भाजपा हिंदुत्व की राजनीति के प्रखर पैरोकार के रूप में उभरी, वहीं लालू और मुलायम हिंदुत्व विरोधी राजनीति के प्रमुख चेहरे के रूप में। दोनों अपने-अपने राज्यों में सत्ता के शीर्ष पर भी रहे।

राष्ट्रीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उभार ने छद्म सेक्युलरिज्म की राजनीति के गुब्बारे में पिन चुभोने का काम किया। आज भाजपा विरोधी दलों को यह समझ नहीं आता कि वे भाजपा के हिंदुत्व की पिच पर बल्लेबाजी करें या फिर अपनी पिच खुद बनाएं। अखिलेश की राजनीति देखकर लगता है कि सत्ता से दूरी को पाटने के लिए वे हिंदुत्व की उसी पिच पर उतरने की तैयारी में हैं, जिसे भाजपा ने बनाया है। चूंकि वे इटावा में केदारनाथ मंदिर का प्रतिरूप भी बनवा रहे हैं, इसलिए कह सकते हैं कि वे अपनी तरह की हिंदुत्ववादी राजनीति भी तैयार कर रहे हैं। लालू यादव भी सेक्युलरवादी हैं, लेकिन निजी और पारिवारिक कार्यक्रमों में वे हिंदू परंपराओं को न सिर्फ निभाते हैं, बल्कि उनका जोर-शोर से प्रचार भी करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय भी मंदिरों में जाते दिखते हैं, जबकि वे ईसाई हैं। इसे हिंदुत्व की राजनीति का असर कहें या कुछ और, कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी विरोधी महबूबा मुफ्ती हाल में क्षीर-भवानी मंदिर गए। कांग्रेस की राजनीति थोड़ी इतर दिखती है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के एक खेमे की चाह है कि राहुल को भी अयोध्या के राम मंदिर जाना चाहिए। वे ऐसा कर भी सकते हैं, लेकिन शायद उनकी राह में मां सोनिया गांधी के आंसू बड़ी बाधा हैं। हाल में अपनी आत्मकथा को लेकर दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि बाबरी ढांचे के ध्वंस के वक्त वे रो पड़ी थीं। इसके पहले सलमान खुर्शीद ने बताया था कि दिल्ली के बाटला हाउस मुठभेड़ के बाद भी उनके आंसू निकले थे। यह भविष्य बताएगा कि सेक्युलरवादी दलों की हिंदुत्व की राजनीति कितनी दूर तक जाएगी, लेकिन इतना जरूर है कि सत्ता की राजनीति किसी भी हद तक बदल सकती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्साह और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। कारोबारियों को धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे और साझेदारी में शुरू किया गया काम भी फायदा दे सकता है।

वृष राशि : आज आपके जीवन में कोई सुखद बदलाव दस्तक दे सकता है। प्रॉपर्टी से जुड़े काम करने वालों को अचानक धन लाभ मिलने के योग हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मिथुन राशि : ऑफिस में दिया गया आपका कोई महत्वपूर्ण सुझाव बड़ी डील को अंतिम रूप दिला सकता है, जिससे वरिष्ठ अधिकारी आपसे प्रभावित होंगे और पदोन्नति की राह खुल सकती है।

कर्क राशि : लंबे समय से जिस विशेष काम को पूरा करने का इंतजार था, वह आज पूरा होने की संभावना है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

सिंह राशि : आज कई ऐसी बातें स्पष्ट हो सकती हैं जो पिछले कुछ समय से आपके मन में उलझन पैदा कर रही थीं। किसी महत्वपूर्ण काम से बड़ा फायदा मिलने के साथ कोई अधूरा काम भी पूरा हो सकता है।

कन्या राशि : आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा। कारोबारी लोगों के लिए अपनी योजनाओं को गुप्त रखना फायदेमंद रहेगा। बिना योजना की खरीदारी आर्थिक संतुलन बिगाड़ सकती है।

तुला राशि : आज भाग्य आपके पक्ष में मजबूती से खड़ा नजर आएगा। जीवनसाथी का कोई व्यवहार या काम आपको बेहद खुशी दे सकता है। किसी नए काम की शुरुआत करना शुभ परिणाम दे सकता है।

वृश्चिक राशि : आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और किसी यात्रा से भी लाभ मिलने के संकेत हैं। अगर कहीं बाहर जा रहे हैं तो जरूरी दस्तावेज और सामान पहले से अच्छी तरह जांच लें।

धनु राशि : आज समझदारी से उठाया गया हर कदम आपके लिए लाभ का रास्ता खोल सकता है। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से अनुकूल रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए किसी अच्छी सौगात जैसा साबित हो सकता है। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए समय अनुकूल है और योजनाओं को अमल में लाने से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

कुंभ राशि : आज आपका मन आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर अधिक आकर्षित रहेगा और भीतर से शांति महसूस होगी। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा और लोग आपकी बात को गंभीरता से लेंगे।

मीन राशि : आज का दिन खुशियों और मानसिक संतोष से भरा रह सकता है। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा और कॉलेज या कार्यस्थल पर दोस्तों के साथ हंसी-मजाक का माहौल बना रहेगा।

## वैश्विक मंच पर लोकतंत्र की बहस या भारतीय राजनीति का अंतरराष्ट्रीयकरण?

हैदराबाद में 13 और 14 नवंबर 2026 को आयोजित भारत समिट केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति, लोकतंत्र, वैश्विक व्यवस्था और विपक्ष की भावी भूमिका को लेकर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम बनकर सामने आया है। लगभग 70 देशों के प्रतिनिधियों और एक हजार से अधिक प्रतिभागियों की मौजूदगी में आयोजित इस सम्मेलन ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी निष्पक्षता, आर्थिक असमानता, सामाजिक न्याय और बदलती वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराया।

लेकिन सम्मेलन की राजनीतिक महत्ता जितनी बड़ी थी, उसके साथ उठे विवाद भी उतने ही गंभीर रहे। कांग्रेस की वैचारिक पहल के रूप में देखे जा रहे इस आयोजन को भाजपा ने भारत की छवि खराब करने वाला मंच बताया। इस टकराव ने एक बुनियादी सवाल खड़ा किया है—क्या देश के लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा करना लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है या इससे भारत के आंतरिक राजनीतिक मामलों का अंतरराष्ट्रीयकरण होता है? तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित और समृद्ध भारत फाउंडेशन के संयोजन में हुए इस सम्मेलन की थीम थी— Forging a New World यानी एक नई वैश्विक व्यवस्था का निर्माण। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य लोकतंत्र के सामने उभरती चुनौतियों, वैश्विक सत्ता संतुलन, भारत की रणनीतिक भूमिका, सहकारी संघवाद और चुनावी पारदर्शिता पर विचार-विमर्श करना था। सम्मेलन में 12 अंतरराष्ट्रीय सत्र और तेलंगाना से जुड़े आठ विशेष सत्र प्रस्तावित थे। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और विभिन्न देशों के राजनीतिक एवं बौद्धिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन की एक राजनीतिक पृष्ठभूमि भी है। केंद्र में भाजपा की सरकार है, जबकि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की प्रमुख शक्ति है। ऐसे समय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी और राहुल गांधी की उपस्थिति ने सम्मेलन को स्वाभाविक रूप से राजनीतिक महत्व प्रदान किया। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव की निष्पक्षता, मतदाता सूची की विश्वसनीयता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं।

# नारे, शर्म, सियासत और हकीकत

- राकेश अचल



कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत समिट में एक इटालियन नेता की ओर से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा दिए जाने पर गृह मंत्री अमित शाह, किरेन रिजिजू समेत पूरी भाजपा परेशान है.ये परेशानी स्वाभाविक भी है,क्योंकि इस तरह के नारों से देश के प्रधानमंत्री और देश की बदनामी होती है.लेकिन सवाल ये है कि बदनामी के मौके देता कौन है?

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि राहुल गांधी लगातार चुनाव हारने का फ्रस्ट्रेशन अब अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भारत विरोधी बयान देकर निकाल रहे हैं. भारत को बदनाम करने से सत्ता नहीं मिलने वाली है. यहां सवाल सत्ता का है या बदनामी का? सवाल बदनामी का है.और ये बदनामी यदि किसी विदेशी द्वारा नारा लगाने से होती है तो किसी विदेशी पत्रकार को वीजा देने के बाद अचानक वीजा रद्द करने की कार्रवाई करने से भी होती है.हैदराबाद में कांग्रेस के 'भारत समिट 2026' के दौरान इटली के नेता जियाकोमो फिलिबेक ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के समर्थन में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाया. पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्स के महासचिव फिलिबेक ने कहा कि राहुल गांधी ने 'एक व्यक्ति, एक वोट' के लोकतांत्रिक सिद्धांत की रक्षा की है. उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है और इसकी रक्षा के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ खड़ा होना चाहिए उन्होंने बाकायदा नारे का अंग्रेजी अनुवाद भी किया- '

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन टिप्पणियों पर गांधी की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाया और पूछा कि जब कोई विदेशी नागरिक देश का अपमान करता है, तो भला कौन हंसता है?रिजिजू ने कहा कि जब कोई विदेशी नागरिक देश का अपमान करता है, तो भला कौन हंसता है?

वहीं तेलंगाना बीजेपी के अध्यक्ष ने कहा कि इटली का एक नेता भारत की आंतरिक राजनीतिक प्रक्रिया पर टिप्पणी कैसे कर सकता है. बता दें कि ये कार्यक्रम हैदराबाद में आयोजित किया गया था.ये सवाल अमित शाह से पूछा जाना चाहिए.वे यदि नार्वे की पत्रकार हेले लिंग का वीजा रद्द कर सकते है तो फिलिबेक को भी भारत में प्रवेश की इजाजत न देते.

फिलिबेक ने शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी का बचाव करते हुए कहा कि लोकतंत्र के सामने आ रही चुनौतियों की ओर अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने कहा, 'मेरा मानना ??है कि गंभीर चुनौतियों की ओर अंतरराष्ट्रीय ध्यान खींचने के लिए इस तरह के आयोजन, सम्मेलन और शिखर बैठकें बहुत जरूरी हैं. भारत में लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं, और हमें इसकी रक्षा करनी होगी. और इसकी रक्षा करने का सबसे अच्छा तरीका राहुल गांधी और भारतीय कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े होना है. 'लोकतंत्र पर कथित हमले की मुखालफत में यदि दुनिया एकजुट होती है तो उसे कोई नहीं रोक सकता.भारत की बदनामी वोट चोर,गद्दी छोड के नारों से उतनी नहीं होती जितनी कि बिना मुकदमा चलाए एक भारतीय को 6 साल से अवैध हिरासत में रखने से होती है.भारत की बदनामी तब होती है जब एक सामाजिक आंदोलनकारी सोनम वांग्चुक को घर में नजरबंद किया जाता है.

इस समय भारत में इतना कुछ अप्रत्याशित हो रहा है कि दुनिया उसमें परोक्ष हस्तक्षेप करती दिखाई दे रही है.इस सबके लिए सरकार या सरकारी पार्टी कब तक लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को कसूरवार ठहराती रहेगी.बुंदेलखंड में एक कहावत है कि-'कौवों के कोसने से ढोर नहीं मरते.' ये कहावत कांग्रेस पर भी लागू होती है और भाजपा पर भी.मोदीजी को कोसने से कांग्रेस की राजनीति तो चलेगी लेकिन निजाम नही बदल सकता.इसी तरह भाजपा के कोसने से राहुल गांधी की राजनीति समाप्त नहीं होने वाली.जरूरत इस बात की है कि लोकतंत्र का मान बनाए रखने के लिए जो संभव हो वो किया जाए.

## भरोसेमंद देश के रूप में उभरता भारत

श्रीराम चौलिया

भारत-आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलीपींस की राजधानी मनीला में हैं। 11 देशों के आसियान समूह और उसके चारों ओर फैले क्षेत्र के महत्व को इससे समझा जा सकता है कि अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में मोदी 13वीं बार भारत-आसियान शिखर और 10वीं बार पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में सहभागिता कर रहे हैं। चाहे भू-राजनीतिक और सुरक्षा संबंधित हित हों या आर्थिक अवसर, भारत 'एक्ट ईस्ट' नीति के अंतर्गत अपने पूर्वी दिशा के विस्तारित पड़ोस के साथ जुड़ाव बढ़ा रहा है, क्योंकि विश्व समुदाय का ध्यान एक समय शक्ति केंद्र रहे यूरो-अटलांटिक से विमुख होकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर मुड़ चुका है।

भारत 'आसियान केंद्रीयता' का समर्थन करता है। इसका अर्थ है चीन और अमेरिका जैसी महाशक्तियों के द्वंद्व और दांव-पेच के बीच मध्यम और छोटी शक्तियों के गुट को मजबूत करके उन्हें स्वायत्त और खुला रखना। इस उद्देश्य को साधने के लिए भारत ने आसियान के साथ सहयोग के नए आयाम तलाशते हुए संबंधों को निरंतर गहरा किया है। इसी क्रम में 'महासागर सिद्धांत' के तहत भारतीय नौसेना आसियान देशों की नौसेनाओं संग संयुक्त समुद्री सैन्य अभ्यास करने में लगी है। इससे दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों की नौसैनिक क्षमताओं और तैयारियों में वृद्धि हो रही है। आसियान के पांच देश-ब्रूनेई, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम-का चीन के साथ समुद्री विवाद है और उन्हें चीन के आक्रामक रुख और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। चीन की दादागीरी की काट के लिए इन देशों ने अमेरिका से रक्षा संबंध मजबूत तो बनाए हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापारिक सौदेबाजी के फेर में चीन के प्रति नरमी का रुख अपनाकर आसियान के लिए दुविधा पैदा कर दी है। इससे उपजी अनिश्चितता का ही परिणाम है कि फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल और अन्य सैन्य साजोसामान खरीदने का फैसला किया है। जबकि मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर भी भारत से सैन्य सामग्री लेने के इच्छुक हैं। तथ्य यह भी है कि 2020 और 2025 के बीच भारत के वैश्विक हथियार निर्यात का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आसियान देशों को गया है। इस सबके बावजूद भारत अकेले ही आसियान के लिए सुरक्षा आवरण प्रदान करने में अमेरिका की भरपाई नहीं कर सकता। चीन से प्रताड़ित दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश जापान और आस्ट्रेलिया से भी रक्षा सहयोग बढ़ा रहे हैं, ताकि 'क्वाड' चतुर्भुज में अमेरिकी कड़ी कमजोर पड़े तो बाकी तीन कड़ियों का लाभ उठाया जा सके। अमेरिका क्वाड को लेकर प्रतिबद्ध हो या न हो, मगर भारत, जापान और आस्ट्रेलिया की तिकड़ी इस मोर्चे पर सक्रिय है और आसियान के लिए सुरक्षा कवच बनाने में इन तीनों का तालमेल महत्वपूर्ण होगा। क्वाड नेता मनीला में भी मिलेंगे, लेकिन ट्रंप की अपारंपरिक विदेश नीति के चलते भारत के पास चीन के सापेक्ष एक बड़ी भूमिका निभाने का मौका है। भारत आसियान के साथ 2010 से लागू किए गए मुक्त व्यापार समझौते में संशोधन को शीघ्र मूर्त रूप देने के लिए प्रयासरत है।

# वंतारा से गौ सेवा तक अनंत अंबानी की मानवीय सेवा यात्रा

- ललित गर्ग




आज जब दुनिया व्यापार को प्राय: लाभ, प्रतिस्पर्धा, विस्तार और बाजार की भाषा में परिभाषित करती है, तब अनंत अंबानी का व्यक्तित्व इस स्थापित धारणा के सामने एक अलग प्रश्न खड़ा करता है-क्या बड़ी आर्थिक सफलता के साथ बड़ी मानवीय संवेदना भी संभव है? क्या अरबों-खरबों की व्यावसायिक दुनिया में करुणा, जीवदया, सेवा और पर्यावरण-संरक्षण केवल सामाजिक उत्तरदायित्व के औपचारिक शब्द रहेंगे या वे जीवन-दर्शन का हिस्सा बन सकते हैं? अनंत अंबानी की गतिविधियाँ इस प्रश्न का एक सकारात्मक उत्तर देती दिखाई देती हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े अनंत अंबानी आज केवल व्यापारिक उत्तराधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि पशु कल्याण, जीवदया और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उनकी सबसे चर्चित पहल 'वंतारा'-स्टार ऑफ द फॉरेस्ट है, जो गुजरात के जामनगर में लगभग 3,500 एकड़ क्षेत्र में विकसित पशु बचाव, उपचार, पुनर्वास और संरक्षण का विशाल केंद्र है। हाल ही में केरल की 18 महीने की बीमार और घायल नन्हीं हथिनी 'माया' की जान बचाने के लिए उसे एयरलिफ्ट कराकर जामनगर स्थित अपने वन्यजीव पुनर्वास केंद्र वंतारा में भर्ती कराया है। रिलायंस फाउंडेशन के अनुसार वंतारा में 1.5 लाख से अधिक पशुओं और 2,000 से अधिक प्रजातियों की देखभाल की जा रही है तथा इसके लिए हजारों विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों और देखभालकर्ताओं की टीम कार्यरत है।

लेकिन अनंत अंबानी की चर्चा केवल वंतारा तक सीमित नहीं है। हाल में उनके गौसेवा संबंधी वक्तव्य ने देश का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। एक वायरल वीडियो में उन्होंने लगभग नौ लाख गायों की देखभाल से जुड़े होने की बात कही, जिनमें करीब सात लाख गायें ऐसी बताई गईं जो दूध नहीं देतीं या आर्थिक दृष्टि से उपयोगी नहीं हैं। उन्होंने घायल एवं संकटग्रस्त गायों के बचाव के लिए लगभग 100 एम्बुलेंस और आठ राज्यों में सक्रिय बचाव-व्यवस्था का भी उल्लेख किया। यहीं अनंत की सोच का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। जो पशु दूध नहीं देता, जिसकी आर्थिक उपयोगिता समाप्त हो गई है, क्या उसका जीवन भी कम मूल्यवान हो जाता है? बाजार की सामान्य मानसिकता शायद इस प्रश्न का उत्तर उपयोगिता से देगी, लेकिन जीवदया की भारतीय परंपरा इसका उत्तर अस्तित्व के सम्मान से देती है।

अनंत अंबानी की गौसेवा की चर्चा इसी बिंदु पर एक व्यापक सामाजिक विमर्श को जन्म देती है-किसी जीव का मूल्य उसकी उत्पादकता से नहीं, उसके जीवन से तय होना चाहिए। यह विचार आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। व्यापार की सफलता का अर्थ केवल अधिक उत्पादन और अधिक लाभ नहीं होना चाहिए, उसके साथ यह प्रश्न भी जुड़ना चाहिए कि उस सफलता से समाज, प्रकृति और जीव-जगत को क्या मिला। यदि पूंजी संवेदना से जुड़ती है, तकनीक करुणा के साथ चलती है और उद्योग पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी बनता है, तो व्यापार केवल आर्थिक संस्था नहीं रहता, वह सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। अनंत अंबानी की दिनचर्या से जुड़ी बातें भी इसी संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने बताया है कि घर से निकलने से पहले वे गायों की मालिश करते हैं और उनके घर में छह गायें हैं, जिन्हें वे स्वयं अपने हाथों से भोजन कराते हैं। यह बात प्रतीकात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण है। बड़े उद्योग-घराने की सुविधाओं में रहने वाला कोई युवा यदि अपने दैनिक जीवन में किसी पशु के साथ प्रत्यक्ष जुड़ाव को स्थान देता है, तो वह सेवा को केवल दान की गतिविधि नहीं रहने देता, उसे व्यक्तिगत संस्कार में बदल देता है।

वंतारा इस व्यक्तिगत संवेदना का संस्थागत और वैज्ञानिक विस्तार दिखाई देता है। यहां पशुओं के उपचार, पुनर्वास और संरक्षण के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ विकसित की गई हैं। रिलायंस की आधिकारिक जानकारी के अनुसार वंतारा में विशेषीकृत वन्यजीव अस्पताल, पशु चिकित्सा सुविधाएँ, प्रयोगशालाएँ, पोषण केंद्र और संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम भी संचालित हैं। यानी यह केवल 'पशुओं को बचाने' की भावना नहीं है, इसके साथ विज्ञान, चिकित्सा, जैव-विविधता और दीर्घकालीन संरक्षण को जोड़ा गया है। यही वह जगह है जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति कहती है-'अहिंसा परमो धर्म:', जबकि आधुनिक विज्ञान कहता है कि जैव-विविधता का संरक्षण मानव सभ्यता के भविष्य के लिए आवश्यक है। वंतारा इन दोनों विचारों को एक साझा धरातल देता है। इसी सोच का विस्तार अक्टूबर 2026 में आरंभ हुई 'चैंपियंस ऑफ केयर' पहल में भी दिखाई देता है। विश्व पशु दिवस के अवसर पर शुरू की गई इस पहल के अंतर्गत 50 से अधिक पशु कल्याण संगठनों को साथ लाने का प्रयास किया गया है, जो सामुदायिक कुत्तों, बिल्लियों, मवेशियों और अन्य पशुओं के लिए चिकित्सा, बचाव और दीर्घकालीन देखभाल का काम करते हैं। इसका लक्ष्य पशु कल्याण को केवल एक बड़े केंद्र तक सीमित रखने के बजाय देशभर के जमीनी संगठनों तक सहायता पहुँचाना है। यहाँ अनंत अंबानी के दृष्टिकोण की एक और विशेषता दिखाई देती है-केंद्रीकरण से सहयोग की ओर बढ़ना। यदि देश में पहले से काम कर रहे छोटे-छोटे पशु कल्याण संगठन संसाधनों के अभाव में संघर्ष कर रहे हैं, तो उन्हें खत्म करने के बजाय मजबूत करना अधिक प्रभावी सामाजिक मॉडल है। यही मॉडल भविष्य में पशु कल्याण के लिए एक राष्ट्रीय नेटवर्क का आधार बन सकता है।

# भाजपा महिला मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है और श्री मोदी के संकल्प 2047 तक विकसित भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्य को निश्चित रूप से ही हम प्राप्त करेंगे। श्री साय ने कहा कि विकसित भारत में महिलाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने के पीछे हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद है। भाजपा ने महतारी वन्दन योजना लाने की घोषणा की और प्रदेश की महिलाओं ने घोषणा पर विश्वास किया और महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर महतारी वन्दन का फॉर्म भरवाया और उसके परिणामस्वरूप हमें प्रदेश में पुनः सरकार बनाने में कामयाबी मिली, पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। श्री साय ने कहा कि देश और प्रदेश में महिलाओं को ध्यान में रखकर कई महती योजनाएँ बनाई गई और उसे धरातल पर क्रियान्वित किया गया, जिसके सबसे बड़े उदाहरण में एक छोटी सी पहल है स्वच्छ भारत एवं खुले में शौच मुक्त भारत। आज कई प्रदेशों में शौचालयों का नाम इज्जत घर है, जो यह समझने के लिए पर्याप्त है कि उस साधारण-सी योजना का क्या प्रभाव है!

मुख्यमंत्री श्री साय ने केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाएँ जो भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, उन्हें विस्तार से महिला नेत्रियों के बीच रखा। साथ ही अपनी योजनाओं को विस्तार से समझाया और उपस्थित महिला नेत्रियों से आग्रह किया कि आप सभी भाजपा का चेहरा हैं। सभी योजनाओं को लेकर आम लोगों, खास करके महिलाओं के बीच जाएंगीं और उन्हें सभी योजनाओं से अवगत करवाएंगीं तो निश्चित ही वे भाजपा के पक्ष में ही अपना मत बनाए रखेंगी। श्री साय ने कहा कि हम सभी को विश्वास है कि हमारी सभी बहनें उत्तरप्रदेश जाने वाली हैं चुनाव में, तो निश्चित ही अपनी कार्यशैली के बल पर वहाँ भी एक बार फिर भाजपा का परचम फहराकर आएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नक्सल



क्षेत्रों के प्रभावितों के लिए 15 हजार आवास की विशेष अनुमति केंद्र सरकार से प्राप्त की गई है, ताकि प्रभावितों के जन जीवन में विशेष सुधार आए।

**अपनी योग्यता का विकास आपको सफलता के शिखर पर पहुँचने का माध्यम बनेगा : सुश्री सरोज पाण्डेय**

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डॉ. (सुश्री) सरोज पाण्डेय ने कहा कि महिला सशक्तीकरण और चुनौतियाँ, दोनों एक साथ चलती हैं। चुनौतियाँ भाँति-भाँति प्रकार की होती हैं, जिसके लिए हमें मजबूत और तैयार होना आवश्यक है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि सादगी भी हमारा बड़ा सौंदर्य है। राजनीति में विशेष रूप से आपका व्यवहार और सादगी महत्वपूर्ण है। राजनीति सरल नहीं, कठोर है। इसलिए मजबूत बनना आवश्यक है। नीति बनाकर कार्य करना आवश्यक है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में आपके किए गए कार्य और आपका भाग्य आपको निश्चित ही उचित स्थान दिलाकर रहेगा। अपनी योग्यता का विकास आपको सफलता के शिखर पर पहुँचने का माध्यम बनेगा। सुश्री पाण्डेय ने कहा कि आज तक महिला आरक्षण पर सभी दलों ने केवल राजनीति की, परन्तु हमारे प्रधानमंत्री ने आधी आबादी को उनका अधिकार देने का प्रण लिया , और उसी के परिणामस्वरूप सदन में महिला आरक्षण बिल लाया गया। श्री मोदी ने निश्चय किया है कि वे आगामी दिनों में महिला आरक्षण बिल को लागू करवाकर आधी आबादी को उनका अधिकार देने का कार्य अवश्य करेंगे।

**महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की सबसे मजबूत कड़ी है : लक्ष्मी रजवाड़े-** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हम धरातल तक पहुंचकर अपनी मजबूत टीम का निर्माण करें, हमारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएँ और उन्हें बताएं कि यह लाभ भाजपा सरकार की ट्रिपल इंजन सरकार के महिला सशक्तीकरण की नीति का सफल उदाहरण है। श्रीमती राजवाड़े ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं - महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना, महतारी शक्ति ऋण योजना, रानी दुर्गावती योजना सहित सभी योजनाओं की पूरी जानकारी लेकर हर बहन तक पहुँचें, ताकि कोई भी पात्र बहन योजना के लाभ से वंचित न रहे। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की सबसे मजबूत कड़ी है। उनकी सक्रियता ही योजनाओं को सफल बनाती है। विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर के अंदर तक पहुँचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दे सकती हैं, जो किसी अन्य माध्यम से संभव नहीं है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सुश्री उसेण्डी ने कहा कि भाजपा का विकास संघर्ष से आया है। हमारे पूर्व हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं ने भाजपा को इस स्तर तक पहुँचाने के लिए मेहनत की।

# सिमगा के चार शिक्षकों को मिला नवदीप गुरु गौरव सम्मान 2026, राज्य स्तरीय मंच पर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**जनता के गोठ/ओंकार साहू**

बलौदाबाजार। शिक्षा, समाजसेवा एवं नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विकासखंड सिमगा के चार शिक्षकों को प्रतिष्ठित नवदीप गुरु गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राप्त कर शिक्षकों ने न केवल अपने विद्यालय और क्षेत्र, बल्कि पूरे विकासखंड का गौरव बढ़ाया है।

नवदीप शिक्षण सेवा समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 15 नवंबर 2026, रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित 169 प्रतिभावान शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इसमें विकासखंड सिमगा के नीलम वर्मा, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला दरचुरा, नीलकंठ यादव, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला जांगड़ा, बैजंती कौशिक, सहायक शिक्षक शासकीय



प्राथमिक शाला नेवधा एवं चंद्रिका टोडर, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला केशली को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

शिक्षकों की अनूठी शैक्षणिक प्रतिभा, शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, शिक्षण संबंधी विशेष गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों तथा समाज कल्याण की भावना को देखते हुए संस्था द्वारा उनका चयन किया गया। समारोह में स्थानीय विधायक उत्तरी जांगड़े एवं कविता प्राण लहरें के करकमलों से सभी चयनित शिक्षकों को सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ, नई दिल्ली की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के प्रदेश संयोजक लोकेश कुमार वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस उपलब्धि से विकासखंड सिमगा के शिक्षकों, शिक्षा जगत एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों की इस सफलता को शिक्षा के प्रति समर्पण, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। यह सम्मान निश्चित रूप से अन्य शिक्षकों को भी बेहतर शिक्षण कार्य एवं समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा।

# धान खरीदी : जिले में अब तक 16,288 क्विंटल धान की खरीदी, 54,019 किसान पंजीकृत



**बलरामपुर (जनता के गोठ)** : खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में सुचारु रूप से जारी है। 16 नवंबर तक की स्थिति में जिले के उपार्जन केंद्रों में कुल 16,288 क्विंटल मोटा धान खरीदा जा चुका है। अब तक सबसे अधिक खरीदी वीरेंद्रनगर केंद्र में हुई है, जहां 1,196 क्विंटल धान खरीदा गया। इसके बाद भंवरमाल में 1,144, महराजगंज में 979.60, त्रिकुंडा में 882.80, विजयनगर में 858 तथा बसंतपुर में 811.20 क्विंटल धान की खरीदी के साथ अन्य धान उपार्जन केन्द्रों में भी सुगमतापूर्वक से धान की खरीदी की जा रही है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची पर मंथन, कोलावल में दो बूथों पर हुई बैठक

**वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत 11 और 15 नंबर बूथ में मतदाताओं को किया गया जागरूक**



**ओमप्रकाश रजक/जनता के गोठ** जगदलपुर / बकावंड,। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलावल में मंगलवार को कोलावल मंडल के तत्वावधान में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। अभियान के अंतर्गत 11 नंबर बूथ और 15 नंबर बूथ में अलग-अलग बैठक लेकर मतदाता सूची की स्थिति एवं उसके सत्यापन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने, त्रुटियों में सुधार कराने, पता परिवर्तन तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्वपूर्ण योगदान है। मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित हो सकता है। इसलिए सभी नागरिकों को समय-समय पर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचना चाहिए।

बैठक में बूथ स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे नए युवा मतदाताओं का नाम जुड़वाने तथा मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटवाने में सहयोग करें।

इस दौरान 11 और 15 नंबर बूथ के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

बैठक में मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलए, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वाड्रफनगर में 'सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम' का आगाज, 9 स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचेगी जांच एवं उपचार की सुविधा

**16 से 21 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान, दो टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

**बलरामपुर (जनता के गोठ)** : वाड्रफनगर क्षेत्र में नेत्र संबंधी बीमारियों की पहचान, रोकथाम और उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड वाड्रफनगर में 16 नवंबर से 'सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के 9 स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष नेत्र जांच एवं उपचार की सुविधा पहुंचाई जाएगी। अभियान 21 नवंबर 2026 तक संचालित होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं



हरी झंडी दिखाकर किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी (क्लस्ह) डॉ. हेमन्त दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वाड्रफनगर मान सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्लस्ह डॉ. दीक्षित ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक डॉ. अश्विनी चौबे, व्यापार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक दीपक अग्रवाल, भाजपा अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप दोहरे तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राही सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**9 स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवाएं-** कार्यक्रम के तहत स्वागत एवं जलपान के पश्चात अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर दो विशेष टीमों को वाहनों के माध्यम से विभिन्न 9 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रवाना किया। इन टीमों के माध्यम से क्षेत्र के लोगों तक नेत्र जांच एवं आवश्यक उपचार की सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य नेत्र संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है।

**अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की पहल-** भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से क्षेत्रवासियों से छत्तीसगढ़ शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सहयोग प्रदान करने की अपील की। वहीं क्लस्ह डॉ. हेमन्त दीक्षित द्वारा पूरे अभियान की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है, ताकि कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संचालित हो और क्षेत्र के अंतिम छोर तक जरूरतमंद लोगों को नेत्र जांच एवं उपचार की सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए आंखों की सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पांच साल में भी नहीं बन सका स्कूल का अतिरिक्त कक्ष, छह पिलर तक सिमटा निर्माण कार्य

**भुजबल बघेल**

बकावंड जनता के गोठ।विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सतोषा में विद्यालय के लिए स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य पांच साल बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय में भवन निर्माण के नाम पर मौके पर केवल छह पिलर ही खड़े किए गए हैं। इसके बाद निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। स्कूल भवन की यह स्थिति विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस शासनकाल में विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने स्वीकृत राशि के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

**जर्जर कमरों और बरामदे में पढ़ने को मजबूर बच्चे-** अतिरिक्त कक्ष का निर्माण नहीं होने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बच्चों को आज भी पुराने जर्जर कमरों, बरामदे और खुले स्थानों में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। बारिश के दिनों में कमरों की छत से पानी टपकने और गर्मी के मौसम में तेज धूप के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। वहीं शिक्षकों को भी सीमित संसाधनों और कमरों के अभाव में शिक्षण कार्य संचालित करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**पांच साल में छह पिलर, जवाबदेही किसकी?-** ग्रामीणों का सवाल है कि जब अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए सरकारी राशि स्वीकृत की गई थी, तो पांच साल बाद भी भवन का निर्माण पूरा क्यों नहीं हो सका? आखिर निर्माण कार्य केवल छह पिलर तक ही क्यों सीमित रह गया? इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि सतोशा विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। स्वीकृत राशि, निर्माण की वर्तमान स्थिति और किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए तथा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

साथ ही अधूरे भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कराकर विद्यार्थियों को सुरक्षित और पर्याप्त अध्ययन कक्ष उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा से जुड़े निर्माण कार्यों में लापरवाही और अनियमितता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सुश्री सरोज पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा महिला मोर्चा की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

## नवा रायपुर के जैनम मानस भवन में हुआ दो दिवसीय संगठनात्मक मंथन; बूथ सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और डिजिटल प्रशिक्षण पर रहा विशेष जोर

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में आयोजित भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आज भव्य समापन हुआ। समापन सत्र में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुश्री सरोज पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। दोनों शीर्ष नेताओं ने प्रदेश भर से जुटीं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आगामी अभियानों के लिए प्रेरित किया।

**मातृशक्ति की भूमिका और बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का आह्वान** समापन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और सुश्री सरोज पांडेय की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। सत्र के दौरान संगठन के विस्तार में मातृशक्ति की निर्णायक



भूमिका को रेखांकित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। नेताओं ने आह्वान किया कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता समाज और सरकार के बीच सबसे मजबूत सेतु हैं, जो निरंतर प्रवास और जनसंपर्क के माध्यम से संगठन की विचारधारा व नीतियों को घर-घर तक पहुंचा रही हैं।

**जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प**

दो दिनों तक चले इस आयोजन के विभिन्न सत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की महिला केंद्रित एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं तक पहुंचाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, महतारी शक्ति ऋण योजना, रानी दुर्गावती योजना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

**सोशल मीडिया, आईटी और मीडिया प्रबंधन का मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण**

कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं को बदलते समय के अनुरूप तकनीक और आधुनिक संचार माध्यमों में दक्ष बनाने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए:

सोशल मीडिया प्रबंधनः फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ङ्क) और व्हाट्सऐप पर रील, पोस्ट व हैशटैग के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का मार्गदर्शन दिया गया।

- आईटी एवं डिजिटल सशक्तिकरणः संगठन को तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से सरल एप, नमो एप, सदस्यता अभियान और डिजिटल डाटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

- मीडिया समन्वयः क्षेत्रीय कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी सही तथ्यों व प्रभावशाली भाषा में मीडिया तक पहुंचाने के लिए प्रेस विज्ञप्ति और कवरेज प्रबंधन के गुर सिखाए गए।

दो दिवसीय इस सार्थक मंथन और प्रशिक्षण के पश्चात प्रदेश भर से आई महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने अनुशासन, समन्वय और पूर्ण समर्पण के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# बिजली कंपनी के दो केंद्रों में 4.30 करोड़ का गबन, कर्मचारी गिरफ्तार

**रवेली और मरका विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थापना के दौरान बैंक खाते में जमा नहीं कराई कंपनी की राशि, 2019 से 2023 के बीच हुआ गबन**

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में सरकारी राशि के गबन का एक बड़ा मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के दो विद्युत वितरण केंद्रों में पदस्थ रहे एक कर्मचारी पर 4 करोड़ 30 लाख 59 हजार 870 रुपये के वित्तीय गबन का आरोप है। मामले में पिपरिया पुलिस ने आरोपी कर्मचारी मनोज साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पर वर्ष 2019-20 से 2022-23 के बीच कंपनी की राशि बैंक खाते में जमा नहीं कर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, मामले की शिकायत सहायक अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ने थाना पिपरिया में दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि विद्युत वितरण केंद्र रवेली में सहायक ग्रेड-03 के पद पर पदस्थ मनोज साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान कंपनी की 3 करोड़ 17 लाख 90 हजार 699 रुपये की राशि बैंक खाते में जमा नहीं की। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 127/2026 के तहत धोखाधड़ी, कूटरचना और गबन सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान विद्युत वितरण केंद्र मरका से भी गबन की शिकायत सामने आई। सहायक अभियंता संदीप कुमार सोनी की शिकायत के अनुसार, मरका केंद्र में पदस्थापना और प्रभार के दौरान आरोपी ने 1 करोड़




12 लाख 69 हजार 171 रुपये कंपनी के खाते में जमा नहीं किए। इस तरह दोनों केंद्रों में कुल 4 करोड़ 30 लाख 59 हजार 870 रुपये के गबन का मामला सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जांच की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी से गबन के संबंध में जानकारी जुटाई गई। पिपरिया थाना प्रभारी नितिन तिवारी के अनुसार आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में पुलिस की आगे की विवेचना जारी है।

## खबर-खास

### सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका अहम : प्रियंका गिरी



**जनता के गोठ** – इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, छत्तीसगढ़ की प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियंका गिरी ने बैठक के सफल समापन की जानकारी देते हुए कहा कि दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक से महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना सहित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बहनें इनका लाभ उठा सकें।

### महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से पुरी तक 1500 किमी की साइकिल यात्रा पर निकले तीन साइक्लिस्ट पहुंचे सरायपाली

**सरायपाली :-** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से ओडिशा के श्री जगन्नाथ धाम पुरी तक लगभग 1500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले तीन साइक्लिस्ट मंगलवार को सरायपाली पहुंचे। 11 नवंबर से शुरू हुई इस यात्रा का उद्देश्य 21 नवंबर तक पुरी पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन करना है। यात्रा पर निकले साइक्लिस्टों में प्रसाद भंडारी (45 वर्ष), रविन्द्र दरेकर (36 वर्ष) एवं शेखर अंडले (42 वर्ष) शामिल हैं। इनमें प्रसाद भंडारी एवं रविन्द्र दरेकर पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि शेखर अंडले कंस्ट्रक्टर हैं। तीनों ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से अपनी यात्रा प्रारंभ कर जालना, खामगांव, अमरावती, नागपुर, देवरी एवं रायपुर होते हुए सरायपाली तक का सफर तय किया है। तीनों साइक्लिस्टों को लंबी दूरी की साइकिल यात्राओं का पूर्व अनुभव भी है। वर्ष 2019 में अहिल्यानगर से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक लगभग 550 किलोमीटर तथा वर्ष 2021 में अहिल्यानगर से गोवा तक करीब 550 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। इसके अलावा तीनों प्रतिवर्ष अहिल्यानगर से पंढरपुर तक भी साइकिल यात्रा करते हैं। सरायपाली पहुंचने पर वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता एवं युवा पत्रकार अभिनय शाह ने कुटेला ओवरब्रिज के पास नेशनल हाईवे पर साइक्लिस्टों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तीनों यात्रियों से उनकी यात्रा, अब तक के अनुभवों एवं साइकिल से इतनी लंबी दूरी तय करने के उद्देश्य को लेकर विशेष बातचीत की। पत्रकारों ने उनके साहस, उत्साह एवं संकल्प की सराहना करते हुए श्री जगन्नाथ महाप्रभु से उनकी यात्रा के निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि पेशेवर जीवन की व्यस्तताओं के बीच समय निकालकर आस्था और साइकिलिंग के प्रति अपने जुनून को समर्पित इन तीनों साइक्लिस्टों की यात्रा क्षेत्र में लोगों के लिए प्रेरणा का विषय बनी हुई है।

### कट्टा भराई के नाम किसानों से राशि लेना व्यवस्था की लापरवाही का नतीजा-विनोद चंद्राकर

**महासमुंद :-** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के दूसरे दिन पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सिरपुर, लहंगर व अचानकपुर के धान खरीदी केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने किसानों से चर्चा कर धान बेचने में आ रही समस्याओं से अवगत हुए तथा उनके समाधान के लिए खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को आवश्यक पहल करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उनके साथ किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मानिक साहू, कांग्रेस नेता दिलीप जैन, थनवार यादव, शंकर पटेल, दिलीप चंद्राकर, खोरबाहरा ध्रुव, गजाधर धीवर, केशव चौधरी, राधेलाल सिन्हा, मोहन सिन्हा, ऋषि चौधरी उपस्थित थे। सभी समितियों में यह जानकारी मिली कि किसानों से कट्टा भराई के नाम पर 3-4 रुपये लिया जा रहा है। जिस पर श्री चंद्राकर ने कहा कि भराई व तौलाई की राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है। किसानों से राशि लेने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने तत्काल इस संबंध में कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर समितियों में बोरी भराई के नाम पर राशि लेने की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने भी स्पष्ट किया कि किसानों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेना है। इसके बाद भी खरीदी केंद्रों पर किसानों से वसूली होना व्यवस्था की लापरवाही और निगरानी की कमी को उजागर करता है। श्री चंद्राकर ने कहा कि ऑनलाइन टोकन कटाने में आ रही दिक्कतों से किसान परेशान हो रहे हैं। शासन द्वारा 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन के नियम बनाए गए हैं, जो अव्यवहारिक हैं। सर्वर डाउन, इंटरनेट की समस्या और ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी जानकारी की कमी के कारण किसान समय पर टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। शासन को 50 प्रतिशत ऑनलाइन व 50 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन कटाने का नियम बनाना चाहिए, ताकि सर्वर या इंटरनेट की समस्या से यदि किसान टोकन नहीं कटा पा रहे हैं।

# पूरे प्रदेश में पारदर्शी व सुव्यवस्थित धान खरीदी जारी, कांग्रेस कर रही मिथ्या प्रलाप : ठाकुर

**भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष? आलोक सिंह ठाकुर ने कहा : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने किए धान खरीदी के पुख्ता इंतजाम, कृषक उन्नति योजना के ऐतिहासिक बदलाव से कोचियों और दलालों की कमर टूटी**

**21 क्विंटल से कम धान बेचने पर भी प्रति एकड़ ?13,839 की पूरी आदान सहायता राशि का फैसला लघु, सीमांत और वनांचल के किसानों के लिए वरदान**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने धान खरीदी को लेकर भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि किसानों की खुशहाली और सरकार की चाक-चौबंद व्यवस्था देखकर कांग्रेस बौखला गई है और अनर्गल व मिथ्या प्रलाप कर रही है। श्री ठाकुर ने प्रदेश में चल रही सुव्यवस्थित धान खरीदी और 'कृषक उन्नति योजना' के तहत लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं के बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि अपने शासनकाल में बारदाने की कमी, अव्यवस्था और किस्तों में भुगतान कर किसानों को रुलाने वाली कांग्रेस आज किस मुंह से धान खरीदी पर सवाल उठा रही है? सत्य यह है कि विष्णुदेव साय सरकार की किसान हितैषी नीतियों से कांग्रेस के पास अब कोई जनमुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह केवल झूठ और भ्रम फैलाकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने की असफल कोशिश कर रही है। प्रदेश का अन्नदाता सब जानता है और वह पूरी मजबूती के साथ भाजपा की डबल इंजन सरकार के साथ खड़ा है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार ने 15 नवंबर



से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के लिए पूरे प्रदेश में पुख्ता इंतजाम किए हैं। डिजिटल टोकन व्यवस्था, पारदर्शी तौल और उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के कारण प्रदेशभर के किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच रहे हैं। किसानों के चेहरे की मुस्कान और उपार्जन केंद्रों की सुचारू व्यवस्था ने विपक्ष के सारे झूठे दावों की हवा निकाल दी है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष 'कृषक उन्नति योजना' के नियमों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जो क्रांतिकारी बदलाव किया है, वह छत्तीसगढ़ के कृषि इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। अब यदि किसी पात्र किसान की पैदावार कम होती है या वह निर्धारित अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम धान भी बेचता है, तब भी उसे उसके सत्यापित रकबे के आधार पर 13,839 रुपये प्रति एकड़ की पूरी आदान सहायता (अंतर की राशि) प्रदान की जाएगी।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि इस दूरदर्शी निर्णय से बस्तर और सरगुजा जैसे कम उत्पादन वाले जनजातीय, वनांचल क्षेत्रों तथा प्रदेश के लाखों लघु एवं सीमांत किसानों को सीधा और पूरा आर्थिक लाभ मिलेगा। श्री ठाकुर ने स्पष्ट किया कि पूर्व की व्यवस्था में प्रति एकड़ 21 क्विंटल का कोटा पूरा करने और अंतर की पूरी राशि पाने के दबाव में कई बार कम उत्पादन वाले किसान मजबूरी में कोचियों, दलालों या बिचौलियों के चंगुल में फँस जाते थे। लेकिन साय सरकार ने प्रति एकड़ 13,839 रुपये की एक समान आदान सहायता सुनिश्चित कर किसानों को हर तरह के शोषण और बिचौलियों के मकड़जाल से हमेशा के लिए मुक्त कर दिया है। इससे अंतरराज्यीय धान तस्करी और अवैध खपाने पर भी पूरी तरह अंकुश लगेगा।

## गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार आधारित मॉडल

**राजनांदगांव**

बच्चों की कल्पनाशीलता को प्रयोगों का आधार मिले और जिज्ञासा को नवाचार की दिशा, तो सृजन की नई संभावनाएं सामने आती हैं। इसी उद्देश्य के साथ गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान मेला प्रकल्प 2026 का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और हिन्दी सहित विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव ने किया।

मेले में विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम में सीखी गई अवधारणाओं को मॉडल और प्रोजेक्ट के माध्यम से व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। विज्ञान के मॉडल में वैज्ञानिक सिद्धांतों, तकनीकी नवाचारों और दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को दर्शाया गया। गणित के मॉडल के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझाने का प्रयास किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अंग्रेजी विषय में विद्यार्थियों ने भाषा कौशल और रचनात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। वहीं हिन्दी विषय के प्रोजेक्ट में साहित्यिक रचनाओं, भाषा, व्याकरण, सामाजिक जागरूकता और डिजिटल माध्यमों में हिन्दी के प्रयोग को प्रदर्शित किया गया। सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने व्याख्याता राहुल जैन के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। विज्ञान मेले के समन्वयक संतु गुप्ता और आशीष शर्मा थे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करना था।

## नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : किशोर माहेश्वरी

**राजनांदगांव**

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा सत्यानंद योग आश्रम में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब), महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी ने नशामुक्त भारत के लिए युवा विषय पर सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान दिया। श्री माहेश्वरी ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा किए नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति को ही नहीं, बल्कि उसके चरित्र, विवेक, परिवार और सामाजिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल अपराध सहित अनेक सामाजिक बुराइयों के पीछे नशा एक बड़ी वजह है। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि, नशे की गिरफ्त में आया व्यक्ति अपने परिवार की आवश्यकताओं और बच्चों के भविष्य तक की उपेक्षा करने लगता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं स्काउट-गाइड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक और समाज का वास्तविक और सच्चा सेवक कहा। इतना ही नहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर को व्यक्तित्व विकास की कार्यशाला बताया। उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव के गंभीर परिणामों से आगाह करते हुए युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका का आह्वान किया। नशे के कारण स्वच्छता कैसे प्रभावित होती है, जिज्ञासु बच्चे बड़ो को नशा करते देख कैसे स्वयं भी नशे की ओर आकर्षित होते है इस पर भी प्रकाश डाला। सार्वजनिक क्षेत्रों में धूम्रपान, गुटखा, पाउच और तम्बाकू के सेवन को स्वच्छता अभियान के ग्रहण बताया। स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क के निवास करने की अवधारणा को बल देते हुए, नशामुक्त जीवन के लिए कुसंगति का त्याग, योग, व्यायाम एवं खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने की सलाह दी।

## दीपा सागर मौत मामला: सीबीआई जांच की मांग पर सर्व बस्तरिया मूल समाज का प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच को लेकर उठाए सवाल



**पोस्टमार्टम में हैंगिंग की पुष्टि, सीसीटीवी में अकेले छत की ओर जाती दिखी दीपा; कथित सुसाइड नोट और डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बीच समाज ने की सीबीआई जांच की मांग**

**ओमप्रकाश रजक/जनता के गोठ**

जगदलपुर। दीपा सागर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को सर्व बस्तरिया मूल समाज ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया और मामले की निष्पक्ष जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग उठाई। समाज के लोगों का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए, ताकि मौत की वास्तविक परिस्थितियां सामने आ सकें।

गौरतलब है कि 1 नवंबर की शाम दीपा सागर रोजाना की तरह जगदलपुर स्थित बाफना लाइफस्टाइल कपड़ा शोरूम में काम करने पहुंची थी। अगले दिन 2 नवंबर को शोरूम की छत पर बने जनरेटर रूम में उसका शव मिला था। घटना के बाद परिजनों ने मौत की परिस्थितियों पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीएसपी आईपीएस अंशिका जैन के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष जांच टीम गठित की थी। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने मौत का कारण हैंगिंग बताया है। रिपोर्ट में शरीर पर आंतरिक चोट नहीं होने तथा गले पर लिगेचर मार्क मिलने का उल्लेख किया गया है। वहीं, शोरूम के सीसीटीवी फुटेज में दीपा अकेले छत की ओर जाती दिखाई देने की जानकारी पुलिस ने दी है। पोस्टमार्टम के दौरान उसकी जेब से कथित सुसाइड नोट मिलने की बात भी सामने आई है।

इसके बावजूद सर्व बस्तरिया मूल समाज ने जांच की प्रक्रिया और अब तक सामने आए तथ्यों पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। अब देखना होगा कि शासन-प्रशासन समाज की इस मांग पर क्या कदम उठाता है और मामले की जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना महिला मोर्चा का संकल्प : विभा अवस्थी

**नवा रायपुर के जैनम मानस भवन में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने साझा की आगामी कार्ययोजना; सभी जिला अध्यक्षों को क्षेत्रों में निरंतर प्रवास के दिए निर्देश**



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में आयोजित भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक एवं कार्यशाला में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी ने संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत रूपरेखा रखी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना महिला मोर्चा का मुख्य संकल्प है।

श्रीमती अवस्थी ने कहा कि महिला मोर्चा पार्टी की एक महत्वपूर्ण इकाई है, जो केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों व कार्यों को सुचारू रूप से धरातल पर संचालित करती है। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा द्वारा किए जा रहे निरंतर जनसंपर्क के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और आज प्रदेश की मातृशक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। संगठन को और अधिक गति देने के लिए उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर प्रवास करने के निर्देश दिए।

कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इतनी मेहनत कर रहा है, तो हर कार्यकर्ता को अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में महिला मोर्चा बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करेगी तथा प्रवास, जनसंपर्क और योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से हर बहन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति है और उनकी सक्रियता ही संगठन की सफलता की आधारशिला है।

# राजस्व वसूली की सुस्ती पर नगर पालिका सख्त, बकायादारों को दी चेतावनी

**बडे बकायादारों का नाम सार्वजनिक करने की तैयारी में नगर पालिका**

**कवर्धा-नगर** पालिका क्षेत्र में राजस्व वसूली की धीमी प्रगति को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने कड़ा रुख अपनाया है। राजस्व वसूली का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी राजस्व टीमों एवं वसूलीकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए वसूली कार्य में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दुकानों का किराया राशि व प्रीमियम राशि जमा नही करने वाले व्यक्तियों का सूची तैयार करते हुए नाम सार्वजनिक करने की तैयारी की जा रही है।

**राजस्व वसूली को लेकर समीक्षा**

राजस्व वसूली को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने सभी राजस्व टीम व वसूलीकर्ताओं के साथ वर्ष 2026-27 की राजस्व वसूली प्रतिशत को लेकर समीक्षा की। उन्होनें बताया कि संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, दुकानों का किराया राशि, दुकान की बिक्री, प्रीमियम राशि, विज्ञापन होर्डिंग की राशि, यूजर चार्ज सहित अन्य करो की चालू मांग राशि 521.64 लाख में से 244.11 लाख की वसूली हुआ है इसी के साथ बकाया मांग राशि 191.63 लाख में से 58.85 लाख रूपये की वसूली प्राप्त हुआ है उन्होनें बताया कि दुकानों का किराया एवं बकाया प्रीमियम राशि जमा कराये जाने हेतु कार्यवाही शुरू किया जाना है। दुकानों की वसूली में अब तक 119.35 लाख में से 21.06 लाख की वसूली गई है साथ ही पूर्व वर्ष की बकाया मांग राशि 68.01 में से 21.11 लाख रू. की वसूली प्राप्त हुआ है।

**बकायादारों की सूची तैयार करने निर्देश**

बैठक के दौरान सीएमओ नारायण साहू ने कहा कि नगर पालिका की आय का प्रमुख स्रोत विभिन्न करों एवं अन्य राजस्व मदों से प्राप्त होने वाली राशि है। ऐसे में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व कर्मचारियों एवं वसूलीकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ कार्य करने



तथा बकायादारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सूची के आधार पर बकायादारों से प्रतिदिन संपर्क कर उन्हें बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

**राजस्व वसूली प्रतिशत बढ़ाने प्रयास**

सीएमओ ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व वसूली का प्रतिशत बढ़ाने के लिए केवल औपचारिकता निभाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि प्रत्येक बकायादार तक पहुंचकर वसूली के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों पर लंबे समय से कर एवं अन्य राजस्व राशि बकाया है, उनसे प्राथमिकता के आधार पर संपर्क किया जाए और बकाया राशि जमा कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**बड़े बकायादारों का नाम सार्वजनिक करने की तैयारी में नगर पालिका**

बार-बार सूचना देने और संपर्क करने के बाद भी यदि बकायादारों द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है, तो ऐसे बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने राजस्व अमले को कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए और सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। सीएमओ नारायण साहू ने राजस्व टीम को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए वसूली अभियान को गति देने तथा नियमित रूप से वसूली की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन का इंतजार खत्म

करण जौहर द्वारा समर्थित सीरीज 'कॉल मी बे' में बेला 'बे' चौधरी के किरदार से अनन्या पांडे ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सीरीज में अनन्या की कॉमिक टाइमिंग और एक अमीर परिवार की लड़की के किरदार में उनकी एक्टिंग दर्शकों को खूब पसंद आई। वह मुंबई में अकेले अपनी जिंदगी संभालती नजर आती हैं। अब पहले सीजन के दो साल बाद 'बे' की वापसी होने जा रही है। प्राइम वीडियो ने आखिरकार आने वाले सीजन की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। उम्मीद है कि नया सीजन उनकी उलझी हुई लव लाइफ और पत्रकारिता के चुनौतीपूर्ण करियर से आगे की कहानी दिखाएगा।



मंगलवार, 17 नवंबर को प्राइम वीडियो ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अनन्या 'बे' के किरदार में एक स्टाइलिश आउटफिट पहने ऑटो-रिक्शा की छत पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। क्लिप में वह कहती हैं, 'मैं बे हूं, मैं छा जाने के लिए आई हूं। खाओ, प्यार करो, प्रार्थना करो और आज के दिन का पूरा मजा लो।' कैप्शन से पता चला कि नया सीजन 17 दिसंबर को रिलीज होगा।

# साउथ फिल्म में दिखेंगी विद्या बालन?

**बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा...अपनी बेहतरीन और दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली विद्या बालन इन दिनों चर्चा में हैं। उन्होंने न केवल हिंदी सिनेमा में एक से बढ़कर एक शानदार फिल्में की हैं। बल्कि अब वो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी मेकर्स की पहली पसंद बनती जा रही हैं। अपने शानदार एक्टिंग के दम पर वो लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही हैं। विद्या बालन के फैन्स के लिए एक और बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस के हाथ एक और बड़ा और प्रोजेक्ट लग सकता है।**



हाल ही में रजनीकांत की 'जेलर 2' में विद्या बालन काम करती हुई नजर आई थीं। अपने नेगेटिव रोल के लिए उन्हें शानदार रिस्पॉन्स मिला था। इसी बीच साउथ सिनेमा में विद्या बालन की मांग फिर से बढ़ गई है। इसी बीच एक रिपोर्ट से पता लगा है कि, उनके पास साउथ से कई फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि एक्ट्रेस अब नंदमुरी बालकृष्ण के साथ एक बड़े तेलुगु प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रही हैं। कहा जा रहा है कि डायरेक्टर कोराटाला शिवा के साथ बालकृष्ण अपनी आने वाली फिल्म पर काम कर रहे हैं। जिसका टेंटेटिव टाइटल है- NBK112. विद्या बालन को एक अहम रोल के लिए चुना जा सकता है। वो फिल्म में बतौर फीमेल लीड दिख सकती हैं। हालांकि उनका स्क्रीन टाइम लिमिटेड होगा। फिल्म में एक और एक्ट्रेस भी अहम भूमिका में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यह किरदार फिल्म की कहानी के लिए बहुत अहम है। दरअसल विद्या बालन ने इससे पहले बालकृष्ण के साथ काम किया था, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एनटीआर की पत्नी बसावतारकम का किरदार निभाया था। 'जेलर 2' में कांता के तौर पर उनकी एक्टिंग को तारीफ मिली थी। कई सालों तक क्षेत्रीय सिनेमा से दूर रहने के बाद, अब साउथ फिल्मों में और काम करने की इच्छा जताई है। बताते चलें कि बालकृष्ण के साथ कोराटाला शिवा की फिल्म को ऑफिशियल तौर पर लॉन्च कर दिया गया है।

# ग्रैमी अवॉर्ड तमिल गाने ने रचा इतिहास



**संगीत जगत में दिए जाने वाले सबसे बड़े सम्मान ग्रैमी अवॉर्ड 2027 के लिए नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। 69वें ग्रैमी अवॉर्ड में ब्रिटिश सिंगर और सॉन्ग राइटर (गीतकार) रे सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाले कलाकार बने हैं। उनके गाने को 11 कैटगरीज में नॉमिनेशन मिला है। वहीं स्पैनिश कलाकार रोसालिया को 9 नॉमिनेशन और काउंट्री स्टार एला लांगले को 7 नॉमिनेशंस मिले हैं। इस बार मिरांडा लैंबर्ट, ओलिविया रोड्रिगो और फोइबे ब्रिड्जर्स को 7 नॉमिनेशंस मिले हैं। वहीं ब्रूनो मार्स, लियोन थोमस और ओलिविया डीन (पिछले साल की बेस्ट न्यू आर्टिस्ट) को 6-6 नॉमिनेशंस हासिल हुए हैं। भारत से धुरंधर ने कई कैटगरीज में एंट्रीज़ भेजी थीं, लेकिन एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। हालांकि तमिल गाने वरुवाई को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस कैटगरी में नॉमिनेशन मिला है। इसे देवन एकंबरम और सुशा गाया है।**

# इंसान नहीं, इस बार एलियन बनेगा अक्षय कुमार का दुश्मन!



बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार एक बार फिर बड़े पर्दे पर कुछ ऐसा लेकर आ रहे हैं, जिसकी कल्पना शायद ही उनके फैंस ने की होगी। कॉमेडी, देशभक्ति और सोशल ड्रामा के बाद अब अक्षय एक हाई-वोल्टेज साइंस-फिक्शन और क्रिएचर-सर्वाइवल थ्रिलर में नजर आने वाले हैं। अक्षय कुमार की मच-अवेटेड फिल्म 'समुक' का फर्स्ट लुक आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। पहली झलक सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल तेज हो गई है, क्योंकि इस बार अक्षय का सामना किसी इंसान या आतंकवादी से नहीं, बल्कि एक बेहद खूंखार और रहस्यमयी दरिंदे से होने जा रहा है। मेकर्स द्वारा रिलीज किए गए मोशन पोस्टर की शुरुआत एक घने और धुंध से लिपटे रहस्यमयी जंगल से होती है। इस खौफनाक माहौल के बीच अक्षय कुमार बेहद शार्प और डार्क सूट में नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में एक अत्याधुनिक और भारी-भरकम बंदूक है, जिससे वे जंगल के अंधेरे में छिपे किसी अनदेखे खतरे पर निशाना साधते दिख रहे हैं। वीडियो के अगले हिस्से में उस रहस्यमयी क्रिएचर (जीव) की झलक दिखाई गई है, जो किसी के भी रोंगटे खड़े करने के लिए काफी है।

**मेकर्स ने इस फर्स्ट लुक के साथ एक बेहद प्रभावशाली कैप्शन भी साझा किया है—**
**"दुश्मन इंसान नहीं है। लेकिन यह लड़ाई इंसानियत के लिए है। और पीछे हटने का कोई विकल्प नहीं है।"** इस कैप्शन ने साफ कर दिया है कि फिल्म में इंसान और एक अलौकिक या एलियन शक्ति के बीच आर-पार की जंग देखने को मिलेगी।

# 'प्यादे' का फर्स्ट लुक जारी

**बॉलीवुड में अपनी दमदार और संजीदा अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता जिमी शेरगिल एक बार फिर दर्शकों को रोमांच की दुनिया में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी आगामी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'प्यादे' का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल के साथ अभिनेता अध्ययन सुमन और अभिनेत्री प्रनूतन बहल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। पोस्टर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फिल्म की कहानी और इसके रहस्यमयी अंदाज को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।**

मेकर्स द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए इस फर्स्ट लुक पोस्टर में फिल्म के डार्क और सस्पेंस से भरे माहौल की झलक साफ दिखाई देती है। पोस्टर में जिमी शेरगिल, अध्ययन सुमन और प्रनूतन बहल अन्य किरदारों के साथ बैठे हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन इस तस्वीर का सबसे चौंकाने वाला हिस्सा ऊपर से आते हुए दो विशाल हाथ हैं। इन हाथों में बंधी डोरियां नीचे बैठे सभी किरदारों से जुड़ी हुई हैं। यह दृश्य साफ तौर पर किसी 'कठपुतली के खेल' की ओर इशारा करता है, जहां कोई अज्ञात शक्ति ऊपर बैठकर इन सभी की जिंदगी और चालों को नियंत्रित कर रही है। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने एक बेहद गहरा और सस्पेंस बढ़ाने वाला कैप्शन लिखा, "कुछ लोग खेल खेलते हैं। कुछ खुद खेल बन जाते हैं। लेकिन असली ताकत उसी के पास होती है, जो हर चाल को नियंत्रित करता है।



# 'रामायण 2' में होगा सनी देओल का जबरदस्त एक्शन

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों रणबीर कपूर और यश की 'रामायण' ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। और दर्शकों के बीच इसका जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म के शानदार वीएफएक्स, ग्रैंड सेट और दमदार किरदारों ने पर्दे पर कमाल कर दिया है। लेकिन इस फिल्म का सबसे बड़ा हाईलाइट वो पल था, जब क्लाइमैक्स में हनुमान बने सनी देओल की एंट्री हुई। पर्दे पर उनके आते ही सिनेमाघरों में बैठे फैन्स की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। और सीटियों-तालियों से पूरा थिएटर गूंज उठा। अब दर्शकों का यह एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ने वाला है। क्योंकि 'रामायण: पार्ट 2' में भगवान हनुमान बने सनी देओल अहम रोल में होंगे। साथ ही अब इस किरदार को लेकर बेहद शानदार जानकारियां सामने आई हैं। 'रामायण: पार्ट 2' को लेकर हाल ही में फिल्म के सिनेमैटोग्राफर पंकज कुमार ने एक इंटरव्यू में कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। वैरायटी इंडिया के मुताबिक, उन्होंने वादा किया है कि पार्ट 2 में लोगों को सनी देओल के बेहद शानदार और रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। वीएफएक्स और मेकिंग के लेवल पर इस बार काम और भी अच्छे से किया जा रहा है। ताकि दर्शकों को एक बेजोड़ विजुअल ट्रीट मिल सके।इसके अलावा, सिनेमैटोग्राफर ने फिल्म की दुनिया के दो सबसे अहम हिस्सों अयोध्या और लंका पर बात की। वो दोनों हिस्सों के विजुअल ट्रीटमेंट और उनके बारे में डिकोड करते दिखे।



फीचर

# आज का राशिफल

**मेष राशि -** आज का दिन मेष राशि के लोगों के लिए आर्थिक कमाई के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। व्यापार से जुड़े लोग अपनी योजनाओं पर पूरा फोकस रखेंगे, जिसका सीधा फायदा मुनाफे के रूप में मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को अगर बॉस कोई नया काम सौंपें, तो उसकी बारीकियों को पहले अच्छी तरह समझ लें, वरना चूक हो सकती है।

**वृषभ राशि -** आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए बेहद शानदार रहने वाला है। किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अगर आप पैसों की तंगी को लेकर परेशान थे, तो आज अचानक धन लाभ होने से बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। घर-परिवार के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुनें और समझें।

**मिथुन राशि -** आज का दिन मिथुन राशि के लोगों के लिए कई मोर्चों पर बेहतरीन रहने वाला है। किसी मित्र या अनुभवी व्यक्ति की सलाह पर किया गया निवेश भविष्य में लाभ देगा। आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने के प्रबल योग हैं और आपका कोई सोचा हुआ कार्य पूरा होगा। ससुराल पक्ष के साथ चल रहे पुराने मतभेद खत्म होंगे और रिश्तों में मधुरता आएगी।

**कर्क राशि -** सेहत के लिहाज से आज का दिन कर्क राशि वालों के लिए राहत भरा रहेगा। अगर आप लंबे समय से किसी शारीरिक या मानसिक परेशानी से जूझ रहे थे, तो आज उसका समाधान मिल सकता है। ऑफिस में कामकाज को लेकर कोई समस्या आ रही है, तो वरिष्ठ अधिकारियों से खुलकर बात करें। सितारों की चाल बताती है कि आज कड़ी मेहनत के बाद ही आपको मनचाही सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि -** आज का दिन सिंह राशि के लोगों के लिए कुछ उलझनों भरा रह सकता है, हालांकि पुरानी परेशानियों से निजात भी मिलेगी। अगर आप जमीन या मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो कागजी कार्रवाई में पूरी सतर्कता बरतें, अन्यथा काम अटक सकता है। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलने से मन खुश रहेगा।

**कन्या राशि -** आज का दिन कन्या राशि के लोगों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। परिवार में चल रहे किसी भी विवाद को आपसी बातचीत से सुलझाना ही आपके हित में रहेगा। अगर निजी रिश्तों में तनाव है, तो संवाद से स्थिति सुधर सकती है। किसी काम को लेकर मन में थोड़ी चिंता रह सकती है। सरकारी नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों से सराहना और प्रोत्साहन मिलेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन तुला राशि के लोगों के लिए काफी व्यस्तता भरा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की तबीयत बिगड़ने से भागदौड़ और चिंता हो सकती है। आप अपने अधूरे कार्यों को निपटाने के लिए जी-जान लगा देंगे और किसी मित्र की मदद से सफलता भी हासिल करेंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और दांपत्य जीवन सुखमय बीतेगा।

**वृश्चिक राशि -** आज का दिन वृश्चिक राशि वालों के लिए मिलाजुला और मध्यम फलदायी रहेगा। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों को जगह न दें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें, सफलता जरूर मिलेगी। व्यापारी वर्ग को आज कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु राशि-** आज का दिन धनु राशि के लोगों के लिए सामान्य और सुखद रहेगा। पुरानी यादें ताजा होंगी और किसी पुराने किस्से को याद करके चेहरे पर मुस्कान आएगी। ससुराल पक्ष से आज आपको विशेष लाभ मिलने के योग हैं। विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे छात्रों को अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि -** आज का दिन मकर राशि के लोगों के लिए मिलाजुला रहने वाला है। ऑफिस में काम का बोझ अधिक होने से मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। लंबे अरसे बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी, जो भविष्य में लाभदायक साबित होगी। वैवाहिक जीवन में खुशहाली के लिए जीवनसाथी को शॉपिंग पर ले जाना पड़ सकता है।

**कुंभ राशि-** आर्थिक मामलों में आज का दिन कुंभ राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोग या लोन लेकर नया काम शुरू करने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। दोस्तों के साथ पार्टी या कहीं घूमने-फिरने का प्लान बन सकता है। आज एक से अधिक स्रोतों से धन आगमन के योग हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन राशि-**आज का दिन मीन राशि के लोगों के लिए उन्नति के नए द्वार खोलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नया और रचनात्मक करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आपके मजबूत इरादे और मेहनत रंग लाएंगे। वैवाहिक जीवन में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से अनबन हो सकती है, वाणी पर संयम रखें।

# क्यों भगवान विष्णु के विवाह के बाद ही शुरू होते हैं शादी-ब्याह?



## एकादशी से अगले दिन तुलसी विवाह क्यों होता है?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु चार महीने के लंबे विश्राम के बाद अपनी योगनिद्रा से जागते हैं। जिस समय भगवान निद्रा से बाहर आते हैं, उस दिन सभी देवी-देवता मिलकर उनका स्वागत करते हैं और उनकी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसके ठीक अगले दिन यानी कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को भगवान विष्णु के पत्थर स्वरूप शालिग्राम के साथ माता तुलसी का विवाह रचाया जाता है।शास्त्रों में ऐसा बताया गया है कि जब तक भगवान विष्णु स्वयं विवाह नहीं कर लेते, तब तक पृथ्वी लोक पर किसी भी मनुष्य के लिए विवाह करना शुभ नहीं माना जाता है। यही वजह है कि एकादशी के अगले दिन पहले भगवान का विवाह संपन्न कराया जाता है और उसके बाद ही सभी के घरों में शादी-विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होते हैं।

**चार महीने की योगनिद्रा से भगवान विष्णु के जागने के ठीक अगले दिन यानी द्वादशी तिथि को पूरे देश में तुलसी विवाह का पावन पर्व मनाया जाता है। इस साल देवउठनी एकादशी 20 नवंबर को मनाने के बाद 21 नवंबर को तुलसी विवाह का यह भव्य आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ किया जाएगा। सनातन धर्म में इस दिन का बहुत बड़ा महत्व माना गया है, क्योंकि इसी दिन से घर-घर में शहनाइयां बजने और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों की असली शुरुआत होती है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि आखिर एकादशी के अगले दिन ही यह शुभ विवाह क्यों संपन्न कराया जाता है। आइए विस्तार से जानते हैं कि इसके पीछे क्या धार्मिक कारण है और माता तुलसी तथा भगवान शालिग्राम के विवाह की पूरी पौराणिक कथा क्या है।**

## माता तुलसी और भगवान शालिग्राम से जुड़ी कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में वृंदा नाम की एक अत्यंत पतिव्रता स्त्री थी, जिसका विवाह जालंधर नाम के एक शक्तिशाली असुर के साथ हुआ था। वृंदा के कठोर पतिव्रता धर्म के कारण देवता भी युद्ध में जालंधर को पराजित नहीं कर पा रहे थे, जिससे चारों तरफ हाहाकार मच गया था। तब देवताओं की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने जालंधर का रूप धारण करके वृंदा का पतिव्रता धर्म भंग कर दिया, जिससे युद्ध में जालंधर मारा गया। जब वृंदा को इस बात की सच्चाई पता चली, तो उन्होंने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को पत्थर बन जाने का श्राप दे दिया और स्वयं अग्नि में समा गईं। वृंदा की राख से ही एक पवित्र पौधा उत्पन्न हुआ जिसे तुलसी कहा गया और भगवान ने पत्थर रूप में शालिग्राम बनकर उनसे विवाह करने का वरदान दिया।

# आंवला नवमी पर किस देवी-देवता की होती है पूजा?



**शास्त्रों में आंवला नवमी यानी अक्षय नवमी का विशेष महत्व माना गया है। कहते हैं इस दिन किये गए पुण्य कार्यों का फल जन्म-जन्मान्तर तक समाप्त नहीं होता। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा होती है। यह पर्व देवउठनी एकादशी से दो दिन पहले मनाया जाता है। इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन पकाने और खाने की विशेष परंपरा निभाई जाती है। इस त्योहार पर मथुरा-वृन्दावन की परिक्रमा करना भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि इसी दिन से सतयुग की भी शुरुआत हुई थी इसलिए इस दिन को सतयुगादि भी कहा जाता है। बता दें आंवला नवमी का पावन पर्व इस साल 18 नवंबर को मनाया जाएगा। यहां आप जानेंगे आंवला नवमी की पूजा विधि और शुभ मुहूर्त।**

### आंवला नवमी शुभ मुहूर्त 2026

आंवला नवमी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 06:46 से दोपहर 12:06 बजे तक रहेगा। तो वहीं नवमी तिथि 18 नवंबर की सुबह 06:04 से 19 नवंबर की सुबह 07:05 तक रहेगी।

### आंवला नवमी की पूजा विधि

इस दिन मुख्य रूप से भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, श्री गणेश भगवान और आंवला के वृक्ष का पूजन किया जाता है। साथ ही इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे ही भोजन भी पकाया जाता है। लेकिन यदि आपके आसपास आंवला वृक्ष न हों तो आप किसी गमले में उगे हुए आंवले के पौधे की भी पूजा कर सकते हैं। अगर ये भी न हो तो घर पर ही भगवान विष्णु की पूजा में आंवले को अवश्य शामिल करें।

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। फिर सूर्य देव को अर्घ्य दें। फिर पूजा स्थल को साफ करके वहां आटे या चावल की मदद से एक स्वस्तिक बनाएं। इसके बाद पूजा स्थल के पास एक चौकी की स्थापना करें। फिर चौकी पर एक साफ लाल वस्त्र बिछाएं। साथ ही इसे गंगाजल से शुद्ध करें। फिर चौकी पर कुछ अक्षत डालें। अब इस पर भगवान विष्णु और लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। चौकी पर दायीं तरफ गणेश जी की प्रतिमा भी जरूर स्थापित करें। पूजा स्थल पर एक छोटी थाली में आंवला भी जरूर रखें। इसके बाद फूल की मदद से जल लेते हुए सभी देवों और आंवलों को संकेतात्मक स्नान करवाएं। इसके बाद विधि विधान पूजा करें। आंवला नवमी की कथा सुनें या पढ़ें। फिर भगवान लक्ष्मीनारायण की आरती करें और प्रसाद सभी में बांट दें।

# मच्छर के काटने से खुजली क्यों होती है?

मच्छर का काटना केवल एक छोटी सी सुई चुभने जैसा होता है, लेकिन उसके कुछ ही सेकंड बाद होने वाली तेज खुजली और लाल निशान हमें परेशान कर देते हैं। अधिकांश मामलों में यह समस्या कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन यदि गंभीर एलर्जी, संक्रमण या बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। जब कोई मादा मच्छर (सिर्फ मादा मच्छर ही खून पीती हैं) हमारी त्वचा पर बैठती है, तो वह खून चूसने के लिए अपनी सूंड को त्वचा में डालती है। इस प्रक्रिया के दौरान असली कारण शुरू होता है:

**लार का प्रवेश :** मच्छर की लार में विशेष प्रकार के प्रोटीन और थक्कारोधी तत्व होते हैं। यह लार खून को जमने से रोकती है ताकि मच्छर बिना किसी रुकावट के आसानी से खून चूस सके। जैसे ही यह बाहरी लार हमारे शरीर में प्रवेश करती है, हमारा इम्यून सिस्टम इसे एक हमलावर मानकर तुरंत सक्रिय हो जाता है। इस लार से लड़ने के लिए हमारा शरीर 'हिस्टामाइन' नाम का एक रसायन छोड़ता है।

**सूजन और खुजली :** हिस्टामाइन के कारण प्रभावित हिस्से के आसपास की रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं। इससे वहां खून का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे त्वचा लाल हो जाती है, सूज जाती है और वहां की नसें मस्तिष्क को खुजली का संकेत भेजने लगती हैं।

# गुलाबी निखार, चेहरे पर चमक सर्दियों में स्किन को पोषण देंगे ये फूल

■ **कैलेन्डुला :** सर्दियों में कैलेंडुला फूल आसानी से उग जाता है। इसे आप अपने घर के गमले भी लगा सकते हैं। मार्केट में इसकी स्किन के लिए क्रीम भी आती है। ये कई गुणों से भरपूर फूल होता है जो त्वचा के हल्के घाव, लालिमा, सूजन, इचिंग को कम करने में हेल्पफुल है और फेस को फ्रेश बनाता है। इस फूल की पत्तियां आप जैतून या बादाम तेल में डालकर रख सकते हैं। इस ऑयल को अपने फेस पर लगाएं। धीमी आंच पर उबलने के बाद बचे पानी को छानकर टोनर की तरह यूज करें या फिर पत्तियों को पीसकर दूध की मलाई के साथ फेस पैक बनाकर लगाएं।

■ **गुड़हल :** त्वचा के लिए गुड़हल का फूल भी कमाल का असर दिखाता है। रूखी स्किन से परेशान रहते हैं तो इसे पीसकर पेस्ट बना लें और दही, शहद के साथ मिलाकर लगाएं। इसे 'नेचुरल बोटॉक्स' भी कहते हैं, क्योंकि ये फूल डेड स्किन को रिमूव करता है और स्किन को ग्लोइंग बनाता है।



■ **गेंदा :** गेंदा भी रूखी और फटी त्वचा को रिपेयर करने में कमाल का फूल माना जाता है। ये स्किन एलर्जी को कम कर सकता है और दाग-धब्बे हल्के करके त्वचा को ताजगी देता है। इसे पीसकर आप शहद के साथ मिलाकर लगा सकते हैं। इसमे दही या कच्चा दूध और चंदन पाउडर मिलाना भी सही रहता है। इसे उबालकर स्प्रे बोतल में भर लें और दिन में दो बार फेस पर स्प्रे कर सकते हैं। दरदरा पीसकर माइल्ड स्क्रब की तरह यूज करना भी बढ़िया रहता है।

■ **हरसिंगार :** हरसिंगार (पारिजात) को त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद फूल माना गया है। इसमें सूजनरोधी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। ये दाग-धब्बों, झाइयों, मुंहासों को कम करने में हेल्पफुल रहता है। इसे पानी में उबालकर टोनर की तरह लगा सकते हैं।

# स्वच्छता में नंबर-1 का पुरस्कार लेने दिल्ली गए, और रायपुर में गंदगी का ढेर छोड़ गए – कथनी और करनी में कितना अंतर है?

**जनता के गोठ रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने किया सांकेतिक प्रदर्शन, स्वच्छता का दावा करने वाले अधिकारियों का पुष्पहार से किया ÷स्वागत÷, पूछा – क्या आंख में पट्टी बांधकर रायपुर को देखा है?

रायपुर नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में उपलब्धि मिलने पर शहर के लिए गौरव की बात कही जा रही है। महापौर जी का कहना है कि यह रैंकिंग स्वच्छता कर्मियों के प्रयासों का सम्मान है। दिल्ली में राष्ट्रपति जी के हाथों पुरस्कार लेने के लिए स्वयं नगरीय प्रशासन मंत्री, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और महापौर महोदया गई।

लेकिन सवाल यह है – क्या पुरस्कार लेते वक्त उन्हें रायपुर की जमीनी हकीकत का अंदाजा नहीं था?

इसी जमीनी हकीकत को रायपुर की जनता के सामने लाने के लिए आज नेता





प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने धरातल पर उतरकर सांकेतिक प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान उन अधिकारियों का, जिन्होंने रायपुर को स्वच्छता में नंबर-1 बताया है, पुष्पहार और पुष्पगुच्छ देकर सांकेतिक स्वागत किया गया और उनसे सीधा सवाल किया गया –

क्या आपने आंख में पट्टी बांधकर रायपुर को देखा है? क्या आपने धरातल पर उतरकर रायपुर को नहीं देखा?÷

रायपुर की जमीनी हकीकत क्या है?

आकाश तिवारी ने कहा – रायपुर नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है।

लोगों के घरों से कचरा नियमित रूप से नहीं उठ रहा है

- मोहल्लों से निकलने वाले कचरे को समय पर नहीं उठाया जा रहा है
- नुक्कड़ों से कचरा उठाने के लिए तरह-तरह के बहाने बताए जा रहे हैं
- सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं, सफाई हो नहीं पा रही है
- अधिकारी और महापौर अपने-अपने कार्यों में मस्त हैं, आम जनता त्रस्त है

उन्होंने कहा कि महाराज बंध तालाब के पास जहां स्वयं उपमुख्यमंत्री महोदय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय जाते हैं, वहीं पर गंदगी का आलम है। क्या यही हमारे राजधानी रायपुर की वास्तविक स्थिति है?

**नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के 3 सीधे सवाल**

1. क्या रायपुर नगर में रामकी कंपनी घर-घर से कचरा उठाने का कार्य नियमित रूप से कर रही है?
2. क्या स्वीपिंग मशीन अपने काम को ईमानदारी से कर रही है? अगर मशीन ईमानदारी से काम करे तो सड़कों से धूल साफ होनी चाहिए, किंतु धरातल में यह काम नहीं हो रहा है, केवल कागजों में स्वीपिंग मशीन चल रही है।
3. SBM के जिम्मेदार अधिकारी अपनी नाकामियों को क्यों छुपा रहे हैं? क्या यही स्थिति स्वच्छता पुरस्कार लेने की है?

आकाश तिवारी ने कहा – इसके पूर्व हमारी परिषद में पूरे भारत में रायपुर की स्वच्छता रैंकिंग चौथे नंबर पर आई थी, और इस बार छत्तीसगढ़ में पहला नंबर बताया जा रहा है। दोनों में फर्क है। आज रायपुर स्वच्छता के लिए अपनी दुर्दशा स्वयं बयां कर रहा है। रायपुर के पूरे 70 वार्डों में से किसी भी वार्ड में चले जाइए, यही स्थिति है। कथनी और करनी में अंतर है।÷ नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के साथ प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पार्षद श्री संदीप साहू, पार्षद श्रीमती अर्जुमन ढेबर, पार्षद श्रीमती जयश्री सत्यनारायण नायक, पार्षद श्रीमती दीप मनीराम साहू, पार्षद श्रीमती रेनू जयंत साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

## एग्रिस्टेक में रकबा शून्य या कम दिखने पर समितियों में होगा सुधार, ऋण पुस्तिका लेकर पहुंचें किसान

**खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने किसानों से की अपील, पंजीयन संबंधी त्रुटियों को समय रहते सुधार कराने की दी सलाह**

**कवर्धा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया के बीच एग्रिस्टेक पंजीयन में रकबा संबंधी त्रुटियों को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे किसान जिन्होंने पिछले वर्ष एग्रिस्टेक के तहत अपना पंजीयन कराया था, लेकिन इस वर्ष उनके पंजीयन में कृषि भूमि का रकबा शून्य या पहले की तुलना में कम प्रदर्शित हो रहा है, उन्हें राहत देने के लिए संबंधित समितियों में सुधार की व्यवस्था की गई है। खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि कई किसानों के एग्रिस्टेक पंजीयन में इस वर्ष रकबे से संबंधित त्रुटियां सामने आ रही हैं। इसके कारण किसानों को धान विक्रय के लिए पंजीयन कराने



में परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए संबंधित समितियों के माध्यम से रकबा एंट्री में सुधार का कार्य किया जा रहा है, ताकि पात्र किसानों के वास्तविक कृषि रकबे का सही विवरण दर्ज किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों का पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रकबा शून्य या कम प्रदर्शित हो रहा है, वे संबंधित धान उपार्जन समिति में पहुंचकर अपनी समस्या का निराकरण कराएं। इसके लिए किसान अपनी ऋण पुस्तिका साथ लेकर जाएं, ताकि दस्तावेजों के आधार पर रकबे का सत्यापन कर आवश्यक सुधार किया जा सके। खाद्य अधिकारी ने कहा कि किसान समय रहते अपनी पंजीयन संबंधी त्रुटियों की जांच कर लें और आवश्यक सुधार करा लें, जिससे धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन का प्रयास है कि किसानों का सही रकबा दर्ज हो और उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में अनावश्यक दिक्कत न हो।

## सरगुजा में कांग्रेस का जनसंवाद: प्रभारी सुखदेव भगत ने कोल ब्लॉक प्रभावितों से की मुलाकात, जल-जंगल-जमीन की लड़ाई तेज करने का किया ऐलान

**उदयपुर व कांटारोली में लगी जन चौपाल, साल्ही में खदान प्रभावितों का जाना दर्द; दीपक बैज, चरणदास महंत और टी.एस. सिंहदेव समेत दिग्गज नेता रहे मौजूद**

**जनता के गोठ** रायपुर/सरगुजा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं सांसद सुखदेव भगत के सरगुजा संभाग के जनसंवाद और संगठनात्मक दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। दौरे के दूसरे दिन श्री भगत ने मैनपाट से उदयपुर पहुंचकर बूथ स्तरीय जन चौपाल में हिस्सा लिया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम साल्ही में कोयला खदान प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांटारोली में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की






आवाज गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कोल ब्लॉक प्रभावितों का जाना दर्द, पेसा कानून और ग्रामसभा के अधिकारों पर जोर दौरे के दौरान कांग्रेस नेताओं का काफिला ग्राम साल्ही पहुंचा, जहां पीईकेबी, परसा, केते एक्सटेंशन और तारा कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्रामीणों व हितधारकों के साथ विस्तृत बैठक की गई। बैठक में ग्रामीणों ने विस्थापन, उचित मुआवजा, स्थायी रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक आजीविका से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए। कांग्रेस नेताओं ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके अधिकारों की लड़ाई में पूरी मजबूती से साथ खड़ी है। नेताओं ने कहा कि सरगुजा और हसदेव अरण्य का आदिवासी समाज अपने जल, जंगल और जमीन के अस्तित्व को लेकर चिंतित है। केवल खनन कंपनियों के हितों को साधने के लिए स्थानीय निवासियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने मांग की कि ग्रामसभा की सहमति, पेसा कानून के प्रावधानों और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण सम्मान करते हुए प्रभावितों को न्याय दिया जाए।

**'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा का आह्वान-** इससे पहले सरगुजा जिले के उदयपुर में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के अंतर्गत आयोजित बूथ स्तरीय जन चौपाल में सांसद सुखदेव भगत ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम में वोट चोरी के मुद्दे पर चर्चा करते हुए लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया गया। वहीं, प्रेमनगर क्षेत्र के ग्राम कांटारोली में आयोजित चौपाल में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे।

**प्रदेश के दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी-** इस जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव और छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह-प्रभारी जारिता लैतफ्लांग विशेष रूप से शामिल हुए। इनके साथ ही पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत, जयसिंह अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व विधायकगण तथा बड़ी संख्या में जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीए-डीआर आदेश में संशोधन कर 1 जनवरी 2026 से एरियर भुगतान का निर्णय 18 नवंबर की कैबिनेट में ले सरकार : वीरेन्द्र नामदेव






**धारा 49 के नाम पर एरियर रोकने की परंपरा अब समाप्त हो, जुलाई 2026 में दोनों राज्यों के बीच सहमति की प्रक्रिया समाप्त करने का हो चुका है लिखित समझौता**

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संदेश भेजकर राज्य सरकार द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को जारी डीए-डीआर आदेश में तत्काल संशोधन करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि 1 नवंबर 2026 से प्रभावशील किए गए आदेश को संशोधित कर केंद्र सरकार की भांति 1 जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का एरियर सहित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए उन्होंने 18 नवंबर को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में निर्णय लेने की मांग करते हुए प्रदेश के आंदोलित एवं आक्रोशित कर्मचारियों तथा पेंशनरों के साथ न्याय करने की अपील की है। जारी विज्ञप्ति में नामदेव ने कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल से चली आ रही महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत के एरियर का भुगतान नहीं करने की परंपरा पर अब विराम लगना चाहिए। राज्य सरकार को मोदी की गारंटी का पालन करते हुए कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित देय तिथि से डीए-डीआर का लाभ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सहित देश की अनेक भाजपा शासित राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार की देय तिथि से डीए-डीआर का लाभ दे रही हैं, जबकि छत्तीसगढ़ इस मामले में अपवाद बना हुआ है। यह स्थिति प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के साथ अन्यायपूर्ण है और मोदी की गारंटी की भावना के भी विपरीत है। नामदेव ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 को आधार बनाकर पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने अपने पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल में आपसी सहमति का हवाला देकर पेंशनरों के महंगाई राहत एरियर का भुगतान नहीं किया। दुर्भाग्यजनक है कि वर्तमान सरकार में भी यही परंपरा जारी है। जबकि जुलाई 2026 में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दोनों राज्य सरकारों के बीच धारा 49 के अंतर्गत आपसी सहमति लेने-देने की प्रक्रिया को लिखित समझौते के माध्यम से समाप्त करने की पहल हो चुकी है। ऐसी स्थिति में धारा 49 को एरियर भुगतान में देरी का आधार बनाए रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार को पुरानी परंपरा से बाहर निकलकर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के आर्थिक हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। केंद्र सरकार की देय तिथि से डीए-डीआर का लाभ देना कर्मचारियों एवं पेंशनरों का न्यायसंगत अधिकार है।

# ब्राह्मणपारा वार्ड को 15 लाख के विकास कार्यों की सौगात, विधायक सुनील सोनी व महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन

**आजाद चौक में 2.30 लाख की लागत से जीर्णोद्धारित सिटी बस स्टॉप का भी हुआ लोकार्पण; तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश**

**जनता के गोठ**

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम जोन-4 स्थित ब्राह्मणपारा वार्ड (क्रमांक-43) के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली है। रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे और नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने बुधवार को आजाद चौक के समीप विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लगभग 15 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न नवीन विकास कार्यों (सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण) का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही आजाद चौक ब्राह्मणपारा में 2 लाख 30 हजार रुपये की लागत से नव-जीर्णोद्धारित सिटी बस स्टॉप का लोकार्पण कर यात्रियों व आम नागरिकों को समर्पित किया गया।

इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

वार्ड में जल निकासी और आवागमन को सुगम बनाने के लिए तीन प्रमुख कार्यों की शुरुआत की गई है:

- नाली एवं पुलिया निर्माण (4.14 लाख रुपये): अधोसंरचना मद से आजाद चौक गार्डन के पास नाली व पुलिया का निर्माण किया जाएगा।
- सड़क व नाली मरम्मत कार्य (7 लाख रुपये): आजाद चौक गार्डन और हनुमान मंदिर के समीप सड़क, पुलिया निर्माण-मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा।
- कंकाली तालाब क्षेत्र में विकास कार्य (4 लाख रुपये): विधायक निधि से गौरा-गौरी चौरा, ढीमर पारा (कंकाली तालाब के पास) स्वीकृत नवीन विकास कार्य किए जाएंगे।



**गुणवत्ता और समय-सीमा का रखा जाए विशेष ध्यान : सुनील सोनी**

भूमिपूजन के पश्चात विधायक श्री सुनील सोनी ने मौके पर मौजूद जोन-4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी और कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए इन्हें तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

**वार्डवासियों ने जताया आभार**

ब्राह्मणपारा वार्ड क्रमांक-43 के पार्षद श्री अजय साहू ने वार्ड में जीर्णोद्धारित सिटी बस स्टॉप के लोकार्पण और सड़क-नाली निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए समस्त वार्डवासियों की ओर से विधायक श्री सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति**

कार्यक्रम में नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, जोन-4 अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद श्री प्रेम बिरनानी, श्री सुनील वांदरे, सामाजिक कार्यकर्ता श्री के.के. अवधिया, श्री संजय सोनी, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

# डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव एवं कानूनी जागरूकता पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**रायपुर।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर के कंप्यूटर विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय डिजिटल युग में साइबर अपराध : डिजिटल अरेस्ट से बैंकिंग धोखाधड़ी तक ङ्क चुनौतियाँ, कानूनी प्रावधान एवं सुरक्षा उपाय रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में माननीय श्री जितेंद्र कुमार सोनवानी एवं माननीय श्री चंद्रकिरण मनकर, सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर टीम उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सांध्य गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है। शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार एवं दैनिक जीवन के अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हो रहे हैं। जहाँ डिजिटल तकनीक ने जीवन को सरल एवं सुविधाजनक बनाया है, वहीं साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएँ एक गंभीर चुनौती बनकर सामने आई हैं। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता माननीय श्री जितेंद्र कुमार सोनवानी ने अपने व्याख्यान में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों




पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी विभिन्न सरकारी एजेंसियों, पुलिस अधिकारियों एवं न्यायिक संस्थाओं के नाम का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को भयभीत करते हैं तथा उनसे धनराशि की मांग करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से डराकर पैसे की मांग किए जाने पर सतर्क रहना चाहिए। माननीय श्री चंद्रकिरण मनकर ने बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों तथा डिजिटल भुगतान से संबंधित जोखिमों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने डिजिटल अधिकारों एवं कानूनी सुरक्षा उपायों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपना ओटीपी, बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम पिन एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। दोनों न्यायिक अधिकारियों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने, संबंधित बैंक को सूचित करने तथा उपलब्ध कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने साइबर सुरक्षा को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का महत्वपूर्ण विषय बताया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रात्रि लहरी, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं डॉ. अमिता तेलंग, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विभाग के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित एवं प्रभावी मंच संचालन डॉ. दीपशिखा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रात्रि लहरी, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना ने आभार प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथियों माननीय श्री जितेंद्र कुमार सोनवानी एवं माननीय श्री चंद्रकिरण मनकर के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-शुभम वर्मा द्वारा मकान नंबर 411, देवनगर, आदिवासी छात्रावास के सामने, शिव शंकर होटल के पीछे महादेव घाट रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग –मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित। (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9300870270, 9425520408 jantakegoth@gmail.com